हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 212, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 23 जनवरी, 2023 दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

'मोदी है तो मुमकिन है' अब वैश्विक मंत्र बन गया : सीएम

भाजपा कार्यसमिति की बैठक के उद्घाटन सत्र में बोले मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया और गुजरात में भाजपा की सातवीं बार रिकॉर्ड तोड़ जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज पूरी दुनिया कौतूहल और आश्चर्य की नजर से भारत की तरफ देख रही है। जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता भारत कर रहा है। जो कि दिखाता है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। मोदी है तो मुमकिन है अब वैश्विक मंत्र बन गया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गुजरात में सातवीं बार रिकॉर्ड जीत से साबित हो गया है कि जनता विकास को प्रमुखता देती है। जनता ने परिवावाद को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि हम लोग मई 2022 में आयोजित कार्यसमिति में नए संकल्प के साथ आगे बढ़े थे। पहली बार कोई सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद सरकार दो तिहाई बहुमत से यूपी में फिर सत्ता में आई है। विजेता के रूप में काम कैसे होना चाहिए यह भाजपा अच्छी तरह जानती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ उपचुनाव में तमाम राजनीतिक विश्लेषकों की राय को दरकिनार कर चुनाव जीता है। विजेता के रूप में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन कैसे किया जाना चाहिए यह भाजपा सरकार जानती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर पीएम मोदी के नेतृत्व में देश भर में गांव-गांव हर घर तिरंगा लगाकर आजादी का असली मतलब बताया गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में जो भी मानक गढ़े गए वह पूरे किए गए हैं। ये हमारा सौभाग्य है कि पीएम संसद में यूपी का प्रतिनिधित्व करते है। यूपी में असीम संभावनाएं है।

निकाय चुनाव की तैयारी में जुटने को कहा- मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा नेताओं को यूपी के निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट आने के बाद निकाय चुनाव कराए जाएंगे। इन चुनाव में भाजपा का परचम फहराना है।

प्रदेश अध्यक्ष ने दिया सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि खतौली और मैनपुरी का परिणाम हमें और अधिक परिश्रम करने की प्रेरणा देता है। भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ उपचुनाव जीतकर रिकॉर्ड भी बनाया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय कटियार, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, संजीव बालियान, साध्वी निरंजन ज्योति, सह प्रभारी संजीव चौरसिया, सुनील भाई ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह कार्यसमिति में मंच पर मौजूद हैं।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनता के बीच पहुंचने का एजेंडा सौंपा- पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों को बताया कि उद्घाटन सत्र के बाद राजनीतिक प्रस्ताव का सत्र होगा। तीसरे सत्र में संगठन की आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की जाएगी। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनता के बीच पहुंचने का एजेंडा सौंपा है।

हिंदी सहित भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होंगे सुप्रीम कोर्ट के फैसले

मुंबई। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की प्रति अब जल्द ही हिंदी सहित देश की अन्य भाषा में उपलब्ध कराई जाएगी। इससे लोगों को अपनी भाषा में अदालत के फैसले की जानकारी मिलेगी। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड ने शनिवार को बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा (बीसीएमजी) की ओर से मुंबई के दादर स्थित योगी सभागृह में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि देश के अंतिम व्यक्ति को सस्ते में व तेजी से न्याय मिले, इसके हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। जब तक हमारे देश के नागरिक को उस भाषा में अदालत के फैसले की जानकारी नहीं मिलेगी जिस भाषा को वह समझता है तब तक न्याय व्यवस्था की सार्थकता साबित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में तकनीक की मदद से व्यापक बदलाव लाया जा सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से सुप्रीम कोर्ट के फैसले हर भाषा में उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य शुरू है। व्यवस्था को व्यक्ति के लिए बनाया गया है। इसलिए व्यवस्था व्यक्ति के ऊपर नहीं हो सकती है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने अदालत की कार्यवाही के सीधे प्रसारण पर भी जोर दिया और कहा, मेरा मिशन है कि न्यायालय कागज रहित और तकनीक सुगम बने।

राजनाथ सिंह ने लिया राहुल को निशाने पर, कहा- देश में नफरत है कहकर भारत को बदनाम न करें

सिंगरौली। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को मध्यप्रदेश के सिंगरौली पहुंचे थे। सिंगरौली में मप्र सरकार 25 हजार से अधिक हितग्राहियों को भूखंड आवंटित कर रही है। इस दौरान संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साथा। उन्होंने कहा है कि राहुल जी देश में नफरत है कहकर भारत को बदनाम नहीं करें।

राजनाथ सिंह ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछता हूं, जो देश में भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं और कह रहे हैं कि देश में नफरत है। देश में नफरत को कौन जन्म दे रहा है? देश में नफरत है कहकर भारत को बदनाम किया जा रहा है। आपको क्या हो गया है राहुल जी? क्या भारत बिखरा हुआ देश है?

हम गरीब लोगों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एमपी सरकार गरीब लोगों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, यही हर बीजेपी सरकार का मंत्र और लक्ष्य है। हमने चुनाव के दौरान किए गए हर वादे को पूरा किया है। हमारे कार्य और शब्द हमेशा अन्य राजनीतिक दलों के विपरीत मेल खाते हैं। पहले हम युद्धक विमानों, मिसाइलों, युद्धपोतों और बमों सहित अन्य देशों से रक्षा क्षेत्र के लिए सब कुछ आयात करते थे, लेकिन अब हमने भारत में ही सब कुछ बनाने और निर्यात करके अन्य देशों को वापस करने का फैसला किया है।

शिवराज ने कमलनाथ को घेरा- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमने तय किया कि मप्र में हर गरीब का घर हो, कोई बेघर न रहे। भाजपा सरकार गरीबों के प्रतिभाशाली छात्रों के इंजीनियरिंग और मेडिकल कोर्स की फीस का भुगतान करेगी। कांग्रेस किसानों का कर्ज माफ करने और बेरोजगारी भत्ता देने का झूठ बोलती रहती है। कमलनाथ बड़ी-बड़ी बात करते हैं, कहते हैं कि मैं रोजगार दूंगा और बेरोजगारी भत्ता दूंगा। बीच में जब उनकी सरकार थोड़े समय के लिए आई तो क्या उन्होंने बेरोजगारी भत्ता दिया? एक पैसा नहीं दिया। लेकिन मोदी सरकार ने किसानों को हर साल 6000 रुपये देने का फैसला किया। एमपी सरकार उन्हें 4000 रुपये देती है। अब एमपी में किसानों को हर साल 10,000 रुपये मिल रहे हैं। सीएम शिवराज ने कहा कि हमारे यहां इतनी खदानें, इतनी माइनिंग लेकिन काम, जब हम कहते हैं यहां के बच्चों को दो।

तो एक बात आती थी स्किल्ड मैन पावर चाहिए। उसके लिए ट्रेंड लोग चाहिए और सिंगरौली में उतने स्किल्ड बच्चे मिलते नहीं है। मेरे भांजे-भांजियों अब जो माइनिंग कॉलेज खुलेगा उस माइनिंग कॉलेज में हम पूरी ट्रेनिंग देकर अपने बच्चों को तैयार करेंगे ताकि माइनिंग के क्षेत्र में रोजगार मिले तो सिंगरौली क्षेत्र के बेटा बेटी को मिले। आज एक बात और कह रहा हूं, सिंगरौली केवल माइनिंग नहीं, ऊर्जा धानी भी है। सिंगरौली देश को बिजली देती है। सिंगरौली के नौजवानों यह केवल माइनिंग कॉलेज नहीं होगा, उसी में हम ऊर्जा कॉलेज भी खोलेंगे।

मुख्तार अंसारी के विरुद्ध हुआ हत्या का मुकदमा दर्ज

प्रखर मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत उसरी चट्टी गोलीकांड के अंतर्गत मारे गए मनोज राय के पिता ने कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जाता है कि पिता ने कोतवाली मुहम्मदाबाद में मुख्तार अंसारी व उनके चार साथियों के विरुद्ध हत्या की तहरीर दी है । पिता शैलेंद्र कुमार राय के अनुसार 2001 में मुख्तार अंसारी द्वारा जो भी ठेका लिया जाता था वह ठेका मनोज राय के नाम से लिया जाता था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मनोज राय मुख्यतः बक्सर के निवासी हैं और उनका ससुराल भांवरकोल में है। कुछ दिनों तक मुख्तार अंसारी द्वारा लिए गए ठेके के टेंडर मनोज राय के नाम से निकलते थे। लेकिन बाद में मनोज राय ने ठेके का टेंडर अपने नाम से लेना आरंभ कर दिया। यह विवाद का कारण बना। विवाद के बाद मनोज राय के साथ समझौता किया गया। समझौते के अंतर्गत ठेके का टेंडर का बटवारा हो गया।13 जुलाई 2001 को मुख्तार अंसारी अपने चार साथियों के साथ मनोज को अपने घर ले आया। बाद में मनोज की हत्या कर दी गई, और उसे उसरी चट्टी गोलीकांड से जोड़ दिया गया । पिता शैलेंद्र राय ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्हें मनोज राय का अंतिम संस्कार करने नहीं दिया गया था। केवल उनका फोटो दिखाकर शिनाख्त करने को कहा गया था। काफी दिनों तक शैलेंद्र राय मुख्तार के डर से भागते फिर रहे थे ।अंततः जब उन्हें ऐसा लगा की अब उन्हें न्याय मिल सकता है तो पिता शैलेंद्र राय ने विगत 20 जनवरी को कोतवाली मुहम्मदाबाद में मुख्तार अंसारी एवं उसके अन्य चार साथियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया ।पिता को अब न्याय की तलाश है। पिता ने इस संबंध में सी एम ,डीजीपी लॉ एंड ऑर्डर को भी प्रार्थना पत्र देकर इसकी जानकारी दी है।

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार नीचे गिरे, पहिए से कुचलकर दो किशोरों की मौत

बस्ती। बस्ती जिले में रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। लालगंज थाना क्षेत्र के महादेवा लालगंज रोड पर बाइक से डीजल लेकर लौट रहे दो किशोरों की ट्रक के टक्कर के बाद पहिये के नीचे आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन करने में जुट गई।

बाइक सवार दोनों किशोर महादेवा लालगंज रोड पर पेट्रोल पंप से डीजल लेकर वापस लौट रहे थे। मुंडेरवा रोड पर अचानक सामने से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक से टकराने के बाद दोनों किशोर ट्रक के पहिये के नीचे आ गए। हड़बड़ाहट में ट्रक ड्राइवर ने ट्रक को बैक कर दिया, जिससे ट्रक का पहिया खड़ौवा गांव निवासी अमन यादव पुत्र तुलसीराम (14) के सिर पर चढ़ गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसी गांव निवासी दूसरे किशोर प्रवेश चौधरी पुत्र लाल बहादुर (15) ने घायलावस्था में अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद परिवार में मचा कोहराम- एक ही गांव के दो किशोरों की मौत की खबर मिलते ही दोनों परिवारों के साथ पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिवार वालों का रो- रो कर बुरा हाल है। घरवालों की चीख- पुकार सुन

आसपास के लोगों की आंखें भर आ रही हैं। हर किसी की जुबान पर एक ही बात थी कि ऐसी अनहोनी किसी के साथ न हो। एसओ लालगंज महेश कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जायजा लेने के साथ ही ट्रक को कब्जे में ले लिया है। दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। छानबीन की जा रही है।

तमंचे के बल पर दो दोस्तों ने युवती से किया सामूहिक दुष्कर्म, विरोध करने पर पीड़िता और उसकी मां को पीटा

मुरादाबाद। मुरादाबाद के कटघर थाना इलाके में घर में घुसकर दो दोस्तों ने एक युवती के साथ तमंचे के बल पर सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोप है विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता और उसकी मां के साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने मारपीट, सामूहिक दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है।

पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर केस दर्ज किया है। जिसमें महिला ने बताया कि कटघर के विजय नगर निवासी अनिकेत छह माह पहले उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। आरोपी ने उसे अपने घर में छिपाकर रखा और उससे देह व्यापार कराने की कोशिश की। पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दी। आरोपी ने युवती से शादी कने से भी इंकार कर दिया था। दो दिन पहले आरोपी अनिकेत, अपने दोस्त अरविंद और अपनी दो बहन और मां के साथ उसके घर में घुस आया। आरोपियों ने आते ही मां बेटी के साथ मारपीट शुरू कर दी।

इसके बाद आरोपी अनिकेत और अरविंद युवती को तमंचे के बल कमरे में ले गए और सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। कटघर थाना प्रभारी राजेश सोलंकी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। अब तक की जांच में सामने आया कि युवती अपनी मर्जी से युवक के साथ गई थी। अब उसकी मां ने केस दर्ज कराया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

'भारत में कुछ लोग बीबीसी को सुप्रीम कोर्ट से ऊपर मानते हैं', डॉक्यूमेंट्री पर जमकर बरसे रिजिजू

नई दिल्ली। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनी डॉक्यूमेंट्री पर विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्षी नेता जहां इसे लेकर निशाना साधने से बाज नहीं आ रहे वहीं सत्ता पक्ष के नेता भी लगातार बचाव करने में लगे हैं। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू भी आज इस मसले पर जमकर बरसे। उन्होंने भारत के अंदर और बाहर चल रहे "दुर्भावनापूर्ण अभियानों" पर निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग बीबीसी को सुप्रीम कोर्ट से ऊपर मानते हैं। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि कुछ लोग अपने नैतिक आकाओं को खुश करने के लिए किसी भी हद तक देश की गरिमा और छवि को कम करने में लगे हैं। ट्विटर पर रिजिजू ने कहा कि देश में अल्पसंख्यक सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहे हैं। रिजिजू ने ट्वीट करते हुए लिखा कि देश में भारत में हर समुदाय के साथ अल्पसंख्यक भी

सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत की छवि को भारत के अंदर या बाहर शुरू किए गए दुर्भावनापूर्ण अभियानों से अपमानित नहीं किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आवाज 1.4 अरब भारतीयों की आवाज है। किरण रिजिजू ने कहा कि भारत में कुछ लोग अभी भी औपनिवेशिक नशे से नहीं उतरे हैं। वे बीबीसी को भारत के सर्वोच्च न्यायालय से ऊपर मानते हैं और अपने नैतिक आकाओं को खुश करने के लिए किसी भी हद तक देश की गरिमा और छवि को गिरा देते हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों से कोई उम्मीद नहीं है जिनका "एकमात्र उद्देश्य" भारत को कमजोर करना है।

'ऑपरेशन अलर्ट' के जरिए सीमा पर दुश्मनों के मंसूबे नाकाम करेगी बीएसएफ

नई दिल्ली। भारत आने वाले गुरुवार को अपना 74वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। इससे पहले देश भर की पुलिस और अन्य सुरक्षा बल अलर्ट पर हैं। विभिन्न राज्यों के पुलिस बल जहां अपने-अपने राज्य में सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा और जांच कर रहे हैं, वहीं बीएसएफ भी सीमा पर किसी भी घुसपैठ और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्क है। इसी क्रम में सीमा सुरक्षा बल ने गुजरात के कच्छ जिले और राजस्थान के बाड़मेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर 'ऑपरेशन अलर्ट' अभ्यास शुरू किया है। बीएसएफ गुजरात फ्रंटियर ने अपने इस अभियान को लेकर एक विज्ञप्ति जारी की। इसमें बल ने बताया है कि शनिवार से शुरू हुई यह कवायद गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान राष्ट्र-विरोधी तत्वों के किसी भी बुरे मंसूबे को बेकार करने के लिए की जा रही है। गौरतलब है कि ऑपरेशन अलर्ट अभ्यास 21 जनवरी को शुरू हुआ था और 28 जनवरी तक सर क्रीक (दलदली क्षेत्र) से भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ-साथ गुजरात में कच्छ के रण और राजस्थान के बाड़मेर जिले तक जारी रहेगा। बीएसएफ इस अभ्यास के तहत आगे और गहराई वाले क्षेत्रों के साथ-साथ खाड़ी और 'हरामी नाला' में विशेष अभियान चलाएगा। बीएसएफ ने विज्ञप्ति में यह भी बताया है कि अभ्यास के दौरान सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रमों की भी योजना बनाई गई है। गौरतलब है कि गुजरात में कच्छ जिले से लगती भारत-पाक सीमा बेहद संवेदनशील है। पूर्व में इस सीमा पर कई पाकिस्तानी मछुआरे भारतीय जल क्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए नावों सहित पकड़े गए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीएसएफ ने 2022 में गुजरात के इस क्षेत्र से 22 पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा है। इसके साथ ही मछली पकड़ने की 79 नावें और 250 करोड़ रुपये की हेरोइन और 2.49 करोड़ रुपये की चरस जब्त की है। सूत्रों ने इस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया था। सूत्रों के मुताबिक, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सर क्रीक और हरामी नाला दलदली क्षेत्र में बीएसएफ सैनिकों को तैनात करने के लिए पहली बार कंक्रीट के "स्थायी ऊर्ध्वाधर बंकर" बनाए जा रहे हैं। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय ने क्षेत्र में पाकिस्तानी मछुआरों की लगातार घुसपैठ को देखते हुए भुज सेक्टर के साथ इस क्षेत्र में आठ बहुमंजिला बंकर और अवलोकन चौकियों के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है।

अमेरिका के कैलिफोर्निया में चीनी न्यू ईयर फेस्टिवल में गोलीबारी, 9 लोगों की मौत

मोंटेरे पार्क। अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के लॉस एंजिलिस से अंधाधुंध गोलीबारी की खबर सामने आ रही है। इस गोलीबारी में 9 लोगों के मारे जाने की सूचना मिली है। पुलिस ने बताया कि लॉस एंजिलिस के पूर्व में स्थित मोंटेरे पार्क में चीनी चंद्र नववर्ष समारोह के बाद शनिवार देर रात गोलीबारी की घटना हुई। जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई। हालांकि, पुलिस जांच में जुटी हुई है। लॉस एंजिलिस काउंटी शेरिफ विभाग के सार्जेंट बॉब बोस ने बताया कि यह गोलीबारी मोंटेरे पार्क के गारवे एवेन्यू में हुई। एक व्यक्ति ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। 60,000 निवासियों वाले शहर मोंटेरे पार्क में बड़ी संख्या में एशियाई आबादी रहती है। यह शहर लॉस एंजिल्स से करीब 16 किलोमीटर दूर है। गोलीबारी वाले स्थान के पास में स्थित एक रेस्त्रां के मालिक सेउंग वोन चोई ने बताया कि तीन लोग उनके रेस्त्रां में आ गए और उन्हें दरवाजा बंद करने के लिए कहा। इस दौरान लोगों ने सेउंग वोन चोई को बताया कि मशीन गन लिए हुए एक शूटर के पास कई राउंड की गोलियां भी मौजूद थी। रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार गोलीबारी की घटना रात 10 बजे हुई। बता दें कि दक्षिणी कैलिफोर्निया के बड़े चंद्र नववर्ष कार्यक्रमों में से एक दो दिवसीय उत्सव की शुरूआत शनिवार को हुई थी। इससे पहले

फ्लोरिडा के फोर्ट पियर्स में गोलीबारी की घटना हुई थी। जिसमें कम से कम 8 लोग घायल हो गए थे। फोर्ट पियर्स के इलौस एलिस पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में लाइव म्यूजिक, बच्चों के लिए कई तरह के खेलों का भी आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान गोलीबारी हुई थी।

संपादकीय

बदहाली के स्कूल

हर अध्ययन रिपोर्ट में इस समस्या को स्कूली शिक्षा में सुधार की सबसे प्राथमिक जरूरत के तौर पर दर्ज किया जाता रहा है। हालांकि शिक्षा की तस्वीर बेहतर बनाने का मकसद हमेशा ही घोषित तौर पर सभी सरकारों की कार्यसूची में सबसे ऊपर ही रहा है। मगर हकीकत यह है कि दशकों से यह एक तरह से आश्वासन ही बना हुआ है। गौरतलब है कि शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट यानी एएसईआर 2022 में फिर यह उजागर हुआ है कि देश के करीब एक चौथाई स्कूलों में आज भी पीने के पानी की सुविधा नहीं है। इसके अलावा, लगभग इतने ही यानी एक चौथाई स्कूलों में विद्यार्थियों को शौचालय की सुविधा हासिल नहीं है। ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के अधिकार से जुड़े स्कूली मानकों में अगर अपेक्षित के बजाय मामूली सुधार दर्ज किया गया है तो यह कोई हैरानी की बात नहीं है। सवाल है कि आए दिन देश की शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक आयाम देने के वादे आखिर किस बुनियाद पर पूरे किए जाएंगे! स्कूली शिक्षा को लेकर हुए अब तक के तमाम अध्ययनों यही बताया गया कि स्कूलों में शौचालय और पेजयल जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के रहते पढ़ाई-लिखाई का बेहतर माहौल बन पाना मुमकिन नहीं है। यह कल्पना भी तकलीफदेह है कि जिन स्कूलों में पेयजल और शौचालय की सुविधा नहीं है, वहां बच्चों को प्यास लगने या लघुशंका आदि की जरूरत पड़ने पर किस तरह की परिस्थितियों से गुजरना पड़ता होगा। खासकर लड़कियों के सामने कैसी समस्या खड़ी होती होगी। एएसईआर की ताजा रिपोर्ट में यह भी दर्ज है कि करीब ग्यारह फीसद स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था नहीं है। ऐसे आकलन पहले भी आ चुके हैं कि स्कूली शिक्षा के दौरान लड़कियों के बीच में ही पढ़ाई छोड़ने के पीछे खासतौर पर स्कूल में शौचालय और पेयजल का अभाव एक बड़ा कारक रहा है। यह तथ्य है कि इस तरह के अभावों की कड़ियां एक-दूसरे से जुड़ी होती हैं और सब मिल कर किसी समस्या को ज्यादा जटिल बनाती हैं। पीने का पानी और शौचालय न केवल स्कूलों, बल्कि हर जगह के लिए एक प्राथमिक जरूरत है। इसके अभाव में पढ़ाई-लिखाई तो दूर, कोई भी देर तक किया जाने वाला काम सहज तरीके से संभव नहीं है। इसके अलावा, शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी के बढ़ते दखल और उस पर निर्भरता के दौर में अगर देश भर के सत्तहत्तर फीसद से ज्यादा स्कूलों में बच्चों के इस्तेमाल के लिए कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं, तो सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतनी बड़ी तादाद में स्कूली पढ़ाई-लिखाई का हासिल क्या हो रहा होगा! यह समझना मुश्किल है कि अन्य मामलों में ढांचागत विकास पर बेहिसाब खर्च करते हुए सरकार को स्कूलों में जरूरी सुविधाओं को पूरा करना प्राथमिक क्यों नहीं लगता है। यह कहने की जरूरत नहीं कि अगर देश में शिक्षा की सरकारी व्यवस्था इतनी व्यापक और चिंताजनक खामियों से गुजर रही है, तो ऐसे में कैसा भविष्य बनने वाला है! फिर जिस शिक्षा का अधिकार कानून के भरोसे हम इस क्षेत्र की सूरत संवारने की कल्पना करते हैं, वह मकसद कहां तक हासिल किया जा सकेगा।

है कैसा अभियान?

भ्रम नहीं फैलाओ ।
है कैसा अभियान ?
लाख छवि खराब करो ।
हैं हम ही महान ।।
सही काम हमारा ।
नहीं है आता रास ।।
पड़ो चाहे पीछे ।
रहने वाले खास ।।
बज रहा है डंका ।
है ये नहीं सुहाता ।।
हर उस सवाल का ।
हमें जवाब आता ।।
करो खूब प्रचार ।
जो भी मन में आए ।।
होने को अब अग्रसर ।
हमने कदम बढ़ाए ।।

–कृष्णेन्द्र राय

विकास का मानवीय चेहरा

दक्षिण एशिया के लिए यूनिसेफ के क्षेत्रीय निदेशक जार्ज लारिया अदजेई ने बच्चों पर निवेश को जरूरी बताया और कहा कि उनके लिए अलग से बजट में प्रावधान होना चाहिए। गौरतलब है कि इस सम्मेलन के पहले कोलकाता में जी-20 के सदस्य देशों की समूह बैठक में यह बात उभर कर आई कि प्रत्येक देश में सरकार द्वारा विकास को मानवीय चेहरा दिया जाना जरूरी है। समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लोगों के मानव विकास तथा डिजिटल और वित्तीय समावेश को बढ़ावा दिए जाने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि होती और रोजगार बढ़ता है।

भारत में पिछले वर्ष दुनिया की सबसे अधिक विकास दर रही। इस वर्ष भी विकास दर करीब 6.5 से सात फीसद रहने की संभावना है। मगर विकास दर के साथ देश के मानवीय चेहरे को चमकाने पर भी ध्यान देना होगा। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा प्रकाशित मानव विकास रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 के कारण बत्तीस वर्षों में पहली बार दुनिया भर में मानव विकास ठहर-सा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक जीवन प्रत्याशा, स्वास्थ्य और शिक्षा की बड़ी चुनौतियों के बीच भारत द्वारा कोरोना संकट का बेहतर तरीके से सामना किए जाने से भारत एचडीआइ रैंकिंग में केवल एक पायदान पीछे हुआ है। रिपोर्ट से यह भी मालूम होता है कि मानव विकास सूचकांक 2021 में जहां बांग्लादेश और चीन जैसे देश भारत से बेहतर स्थिति में हैं, वहीं मलेशिया और थाईलैंड जैसे एशियाई पड़ोसी देश भी उच्च श्रेणी में दिखाई दे रहे हैं। निस्संदेह देश की तेजी से बढ़ती और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल करने वाले भारत में मानव विकास सूचकांक में कमी आना विचारणीय प्रश्न है। पिछले दशक में देश में जिस तेजी से गरीबी और भूख की चुनौती में कमी आ रही थी, उसे कोरोना संकट ने बुरी तरह प्रभावित किया है। महामारी का आर्थिक प्रकोप विशेष रूप से मध्यवर्ग और वंचित परिवारों के लिए बहुत अधिक रहा है, जिसके चलते कई परिवार स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के मामले में पीछे हुए हैं।

मगर इसमें भी कोई दो मत नहीं कि सरकार गरीबी, भुखमरी, परिवार कल्याण और स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। कोविड-19 के बाद इन सभी क्षेत्रों में सरकार ने प्रभावी पहल की और अभियान चलाए। अगर कोरोना काल में सरकार के ऐसे विशिष्ट सफल अभियान नहीं होते, तो देश में गरीबी भूख, स्वास्थ्य, जीवन प्रत्याशा और शिक्षा के क्षेत्र की चुनौतियों और दिखाई देतीं। गौरतलब है कि कोरोना काल में प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन के कारण मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति से गरीबों को राहत मिली है और करोड़ों लोगों को गरीबी के नए दलदल में फंसने से बचाया गया है। अब चीन और अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में कोहराम मचा रहे कोरोना के नए बहुरूप के कारण वैश्विक आपूर्ति में बाधा से गरीबों के कल्याण की चुनौती और बढ़ गई है। इसी बात को अनुभव करते हुए विगत 6 दिसंबर, 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि देश में कोई व्यक्ति भूखा न सोए तथा केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान लोगों तक जिस तरह मुफ्त अनाज पहुंचाया है, वह व्यवस्था जारी रहनी चाहिए।

इसी परिप्रेक्ष्य में इस वर्ष से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाली देश की दो तिहाई आबादी यानी करीब 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज देने की नई पहल की

गई है। गौरतलब है कि देश में एनएफएसए के तहत प्रत्येक सामान्य उपभोक्ता को हर महीने पांच किलो की दर से अनाज वितरित किया जाता है, जबकि अंत्योदय वर्ग के उपभोक्ताओं को अनाज की यह मात्रा सात किलो प्रति व्यक्ति होती है।

31 दिसंबर, 2022 तक जहां तीन रुपए प्रति किलो की दर से चावल, दो रुपए प्रति किलो की दर से गेहूं और एक रुपए प्रति किलो की दर से मोटा अनाज दिया जाता रहा है, वहीं अब राशन कार्डधारक उपभोक्ताओं को सस्ती दर की राशन दुकानों पर कोई भुगतान नहीं करना होगा। इस नई व्यवस्था से जहां गरीबों की खाद्य सुरक्षा निश्चित होगी, वहीं खाद्य सुरक्षा और गरीब कल्याण योजना को एक किए जाने से सबसिडी में बचत होगी। साथ ही खाद्यान्न भंडार में अतिरिक्त अनाज की मौजूदगी बाजार में खाद्यान्न की कीमतों को नियंत्रित करते हुए दिखाई दे सकेगी।

निस्संदेह कोविड की चुनौतियों के बाद अब देश में लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के साथ-साथ उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने की दिशा में अब लंबा सफर तय करना है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि कोविड-19 ने सबसे ज्यादा स्वास्थ्य सुविधाओं की चुनौती खड़ी की है। ज्ञातव्य है कि 2017 में नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में 2025 तक स्वास्थ्य पर खर्च को सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत किया जाना निर्धारित किया गया था। फिर पंद्रहवें वित्त आयोग ने पहली बार स्वास्थ्य के लिए उच्च-स्तरीय समिति गठित की थी। इस समिति ने भी स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने की बात कही है। इस मामले में देश अब भी पीछे है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बनाए गए कमीशन आन मैक्रो इकोनामिक्स ऐंड हेल्थ ने इस बात के पुख्ता सुबूत दिए कि स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च नहीं, बल्कि एक बेहतरीन निवेश है। यूरोपीय देशों ने महामारियों और संचारी रोगों को आर्थिक विकास और मानवीय कल्याण के लिए खतरे के रूप में देखा है। इन देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली विकसित करने पर बड़ा निवेश किया है। पिछले दशकों में यूरोप में तेजी से बढ़ी जीवन प्रत्याशा और आर्थिक वृद्धि, दोनों ही मजबूत स्वास्थ्य सेवाएं और स्वस्थ जनमानस के कारण ही परिलक्षित हुई हैं। ऐसे में अब देश में स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च बढ़ाया जाना जरूरी है।

ऐसे दौर में जब अर्थव्यवस्था को अधिक दक्ष और योग्य श्रम बल की जरूरत है, जिसके लिए शिक्षा पर जीडीपी का करीब छह फीसद हिस्सा खर्च किया जाना जरूरी है। उम्मीद है, सरकार इसका ध्यान रखेगी कि जहां अर्थव्यवस्था समाज का अहम हिस्सा है वहीं मानव विकास भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। सरकार सामाजिक अधोसंरचना पर उसी तरह निवेश करेगी, जिस तरह भौतिक अधोसंरचना पर खर्च किया जा रहा है। देश में बहुआयामी गरीबी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए नई जनकल्याण योजनाओं, सामुदायिक रसोई व्यवस्था तथा पोषण अभियान-2 को पूरी तरह कारगर और सफल बनाया जाएगा। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार हाल ही में जी-20 की वित्तीय समावेशन पर समूह बैठक और यूएनपीडी की मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट के मद्देनजर देश में मानव विकास की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, सार्वजनिक सेवाओं में स्वच्छता जैसे मुद्दों पर रणनीतिक रूप से प्रभावी कदमों के साथ आगे बढ़ेगी। निश्चित रूप से ऐसा होने पर आगामी मानव विकास सूचकांक में भारत की मानव विकास रैंकिंग में सुधार आएगा और देश का विकास का मानवीय चेहरा भी बेहतर दिखाई दे सकेगा।

स्वतंत्रता संग्राम के वीर सिपाही - सुभाष चंद्र बोस

आजाद हिंद फौज या सेना का नाम लेते ही आंखों के सामने आते हैं देश की स्वतंत्रता के लिए विश्व भर में भ्रमण करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस चलो दिल्ली की घोषणा करते हुए हिंदुस्तान में आने वाली स्वतंत्रता संग्राम की कल्पना से आनंदित सेना और देश के लिए प्राणार्पण करने के लिए इच्छुक हिंदुस्तानी महिलाओं की झांसी की रानी की पलटन।

नेताजी का योगदान और प्रभाव इतना महान था कि कुछ विद्वानों का मानना है कि यदि नेताजी उस समय जीवित होते, तो संभवतः विभाजन के बिना भारत एक संयुक्त राष्ट्र बना रहता। स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम सबसे पहले आता है। नेताजी की सोच में एक अलग ही ऊर्जा थी, जिसने कई देशभक्त युवाओं के मन में उत्साह निर्माण किया। सुभाष चंद्र बोस अपने दृढ़ संकल्प और अपनी सोच से कभी समझौता नहीं करने के लिए जाने जाते थे। वे न केवल भारत के लिए परंतु दुनिया के लिए भी प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने तुम मुझे खून दो,

मैं तुम्हें आजादी दूंगा की घोषणा से प्रत्येक भारतीयों के मन में राष्ट्र प्रेम की ज्योत जला दी। अंग्रेजों से लड़ने के लिए संघर्ष किया।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर संशोधन कर चुके सैन्य इतिहासकार (मिलेट्री हिस्टोरियन) जनरल जीडी बख्शी की पुस्तक बोसः इंडियन समुराई में दावा किया गया है कि, सुभाष चंद्र बोस की इंडियन नेशनल सेना (आईएनए) ने भारत की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी । गांधी के भारत छोडो आंदोलन से ज?यादा सुभाषचंद्र बोस की सेना के कारण भारत को स्वतंत्रता मिली । बख्शी जी के अनुसार, तब के ब्रिटिश प्रधानमंत्री रहे क्लीमेंट एटली ने कहा था कि, नेताजी की इंडियन नेशनल सेना ने स्वतंत्रता दिलाने में बडी भूमिका निभाई । वहीं, गांधी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अहिंसा आंदोलन का प्रभाव बहुत कम था ।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री की बातचीत से खुलासा - बख्शी जी ने, एटली और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे न्यायाधीश पीबी चक्रवर्ती के बीच की बातचीत का भी उल्लेख किया है । वर्ष 1956 में एटली भारत आए थे और कोलकाता में पीबी चक्रवर्ती के अतिथि थे । भारत की स्वतंत्रता के दस्तावेज पर एटली ने ही हस्ताक्षर किए थे । चक्रवर्ती कोलकाता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और पश्चिम बंगाल के कार्यवाहक राज्यपाल भी थे । सुभाष चंद्र बोस की सेना का प्रभाव - चक्रवर्ती ने इतिहासकार आर.सी. मजूमदार को उनकी पुस्तक ए हिस्ट्री ऑफ बंगाल के लिए खत लिखा था । चक्रवर्ती ने लिखा, मेरे राज्यपाल रहने के कालावधि में एटली दो दिन के लिए राज्यपाल भवन में रुके थे । इस दौरान ब्रिटिशर्स के भारत छोड़ने के कारणों पर लम्बा विचार-विमर्श हुआ । मैंने उनसे पूछा था कि, गांधीजी का भारत छोड़ो आंदोलन (1942) स्वतंत्रता के कुछ साल पहले ही शुरू हुआ था । क्या उसका इतना प्रभाव हुआ कि अंग्रेजों को इंग्लैंड लौटना पडा ? बक्शी जी की पुस्तक के अनुसार उत्तर में एटली ने, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की सेना के प्रयत्नों को महत्वपूर्ण बताया था । पुस्तक के अनुसार चक्रवर्ती ने जब एटली से पूछा कि गांधीजी के अहिंसा आंदोलन का कितना प्रभाव हुआ तो एटली ने हंसते हुए जवाब दिया झ बहुत कम । चक्रवर्ती और एटली की इस बातचीत को 1982 में ऐतिहासिक समीक्षा संस्थान के राजन बोरा ने सुभाष चंद्र बोस-द इंडियन नेशनल सेना एंड द वॉर ऑफ इंडियाज लिबरेशन इस लेख में छापा था।

सैनिकों का विद्रोह आया काम : 1946 में रॉयल इंडियन नेवी के 20 हजार सैनिकों ने अंग्रेजों के विरुध्द बगावत कर दी थी । सैनिक 78 जहाज लेकर मुंबई पहुंच गए थे । इन जहाजों पर तिरंगा भी फहरा दिया गया था । हालांकि तब इस बगावत को दबा लिया गया । लेकिन अंग्रेजों के लिए यह खतरे की घंटी थी ।

आइए नेताजी की जयंती पर उनके विचारों से प्रेरणा लेकर भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने के लिए संगठित होकर प्रयास करें।

बदलता भारत, आत्मनिर्भर भारत (जी–20) : सत्यम कुशवाहा

वर्तमान दौर मे भारत देश अपनी आजादी के 75 वा अमृत महोत्सव मना रहा है, इस अवधि मे एक तरफ धार्मिक स्थलों तथा सांस्कृतिक विरासतों के विकास के साथ -साथ राष्ट्रवाद की अलख को जलाते हुए हम आगे बढ़ रहे है !इस दौर मे हम अपनी धूमिल हुईं विरासत, गौरव, तथा पहचान को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत हैं! 21वी सदी मे हम वैश्विक नीतियों, अर्थव्यवस्था,त ाथा मूल्यों, सांस्कृतिक विरासतों, के बल पर हम विश्वगुरु बनने के लिए अग्रसर बढ़ रहे है! इस दौर मे भारत 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक G20 की अध्यक्षता करेगा। बीस देशों के एक वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा नीतियों के अंतरराष्ट्रीय मंच की अध्यक्षता की जिम्मेदारी मिलना अत्यंत ही महत्वपूर्ण साबित होगा! विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वैश्विक संगठन की जिम्मेदारी संभावना किसी भी देश के लिए अत्यंत एक स्वर्णिम अवसर का विषय है! यह एक ऐतिहासिक दायित्व है, जिसकी सफलता और क्रियान्वयन से उस देश की प्रगति का रास्ता अवश्य ही देश को सही दिशा देने जैसा होगा! आज विश्व जिस आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, आतंकवाद, अर्थव्यवस्था जैसी गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है उसके लिए समाधान तथा नीतियां तैयार करने की जिम्मेदारी तथा साझेदारी जी-20 समूह के देशों के पास है! G20 शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष एक क्रमिक अध्यक्षता में आयोजित किया जाता है। शुरूआत में G20 व्यापक आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित था, परंतु बाद में इसके एजेंडे में विस्तार करते हुए इसमें अन्य बातों के साथ व्यापार, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और भ्रष्टाचार-विरोध शामिल किया गया। ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (G20) में 19 देश (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका) और यूरोपीय संघ शामिल हैं। G20 सदस्य देशों में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85%, वैश्विक व्यापार का 75% से अधिक, 90% दुनिया के पेटेंट के साथ ही विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी है। ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (G20) अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक संरचना और अधिशासन निर्धारित करने तथा उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे!

जी-20 एक विश्व सरकार मंच तो नहीं है, परंतु विश्व के प्रमुख देशों के साथ वैश्विक नीतियां, वैश्विक अर्थव्यवस्था मे साझेदारी तथा वैश्विक शासन के लिए सामूहिक पहल तथा उनके अधिकारों के लिए परस्पर साझेदारी करके एक सामूहिक निर्णय लेने का एक माध्यम जरूर है! विकासशील देशों की वैश्विक शासन में संयुक्त राष्ट्र संघ मे पर्याप्त अधिकार न मिलने कारण इसकी प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है! संयुक्त राष्ट्र संघ में एकाधिकार रूपी निर्णयों के कारण इन देशों की भागीदारी पूर्ण तरीके से सुनिश्चित नहीं हो पाती है, जबकि जी-20 में सामूहिक आपसी सहमति तथा भागीदारी के बल पर उन मुद्दों पर सभी देशों के द्वारा सामूहिक निर्णय लिए जाते हैं और उन से निजात पाने के लिए एक सामूहिक पत्र पर हस्ताक्षर किए जाते हैं!

जी 20 देशों के समूह की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इन देशों के द्वारा सामूहिक लिए गए निर्णय संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा लिए गए निर्णय से काफी दिन होते हैं इन देशों के द्वारा लिए गए निर्णय अधिकारी तथा जबरी अनुष्का अनुपालन कराने जैसा नहीं होता है बल्कि आपसी सहमति तथा सर्वसम्मति से उसे अंतिम रूप दिया जाता है जबकि संयुक्त राष्ट्र संघ में पारित किए गए नियम कहीं ना कहीं पक्षपात तथा एकाधिकार से प्रेरित नजर आते हैं! हाल ही में इंडोनेशिया के बाली में संपन्न हुए जी 20 देशों के समूह के बीच तमाम भू-राजनैतिक घटनाक्रमों के अंत में सामूहिक रूप से एक प्रस्ताव पत्र पारित हुआ इस पर सभी सदस्यों ने अपनी एक स्वर में सहमति व्यक्त की बाली में संपन्न हुए इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का श्रेय अमेरिका ने भारत की मजबूत अहम भागीदारी के साथ साथ वैश्विक पटल पर नरेंद्र मोदी की राजनैतिक क्षमता करार दिया! आज भारत पूरे विश्व के लिए आपसी सद्भाव तथा अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता के साथ विश्व के लिए एक सेतु का काम कर रहा है विश्व के शांति के कल्याण के लिए हमेशा दृढ़ संकल्पित भारत का लोकतंत्र विश्व को अपनी कुशल राजनीतिक क्षमता तथा आपसी साझेदारी के द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अग्रसर दिखाई दे रहा है!

वैश्विक लेवल पर भारत की कूटनीति इस बात का तो तक साबित हो रही है कि इस समय भारत यह कहते हुए अपना गर्व के साथ सीना चौड़ा कर रहा है कि वह विश्व की आवश्यकताओं की पूर्ति में अपनी भागीदारी किस तरीके से सुनिश्चित करा पाए वसुधैव कुटुंबकम के नारों के साथ भारत देश इस दिशा में आगे बढ़ रहा! वैश्विक पटल पर बढ़ते हुए आतंकवाद महंगाई चीन के आक्रामक तेवर रसिया तथा युप्रोन के मध्य युद्ध सहित दुनिया के तमाम ज्वलंत मुद्दों पर जी 20 देशों के समक्ष एक हो जाओ या नष्ट हो जाओ नारों के साथ भारत के प्रधानमंत्री इस 1 साल के अपने स्वर्णिम अध्यक्षता के काल में दुनिया के तमाम मुद्दों पर मंथन करके एक साझा रणनीति तैयार करने की पूरी कोशिश करेंगे अतः हम क्या कह सकते हैं कि यह भारत के लिए एक स्वर्णिम अवसर का दौर है, जिसकी अध्यक्षता भारत देश को प्राप्त हुई है! इस दिशा में निश्चित थी एक सकारात्मक और दुनिया को नेतृत्व देने वाला एक खाका तैयार किया जाएगा जिससे भारत देश का विश्व के पटल पर एक सशक्त नेतृत्व तथा सोच विकसित होगी और भारत देश अपने विश्व गुरु के लक्ष्य को प्राप्त कर पाएगा!

रोटरी ने अनोखी पहल करते हुए पैडल रिक्शा चालकों का कराया 2 लाख का दुर्घटना बीमा

प्रखर कुशीनगर। अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी क्लब कुशीनगर के द्वारा एक अनोखी पहल करते हुए कसया स्थित रोडवेज बस स्टैंड परिसर में 179 पैडल रिक्शा-ठेला चालकों, कबाड़ बिनने वाले व पल्लेदारों इत्यादि को एक स्थान पर एकत्रित कर उन सभी का सुरक्षा बीमा

सभी रिक्शा चालकों को किया कम्बल भी वितरित

योजना के अंतर्गत 2 लाख का दुर्घटना बीमा कराया गया। साथ ही सभी रिक्शा चालकों को एक-एक कंबल एवं मिष्ठान भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश जायसवाल ने बताया कि रोटरी द्वारा यह एक अनोखी पहल की गई है जिससे रिक्शा चालकों के साथ किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर उनके परिजनों की सहायता हो सकती है। रोटरी के अध्यक्ष डॉ एमएच खान ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो नॉमिनी को 2 लाख रुपए तक की मदद दी जाती है. इसके अलावा पूर्ण रूप से

विकलांग होने जैसे आंखों के पूर्ण रूप से ठीक न होने, हाथ-पैरों को खो देने, एक आंख या एक हाथ या एक पैर को पूरी तरह से खो देने की स्थिति में 2 लाख तक का लाभ दिया जाता है. स्थायी रूप से आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1 लाख तक का फायदा मिल सकता है। रोटरी के सचिव वाहिद अली ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि इस योजना के लिए किसी भी बैंक में खाता होना जरूरी है जिन रिक्शा चालकों का खाता नहीं है उसका भारतीय स्टेट बैंक में खाता खोलवा कर भी बीमा कराया जाएगा। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के संरक्षक राकेश जायसवाल, अध्यक्ष डॉ एम एच खान, सचिव वाहिद अली, उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्त, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष साहिल अहमद, कोषाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, सह सचिव दिनेश कुमार यादव, सह कोषाध्यक्ष डॉ सुनील सिंह, निदेशक राजीव जायसवाल लक्ष्य, निदेशक अंकित गर्ग, निदेशक शैलेंद्र त्रिपाठी सोनू, गौरव मद्धेशिया, सदरे आलम, इम्तेयाज आलम, दुर्गेश चतुर्वेदी, अश्वनी जायसवाल, अमित श्रीवास्तव, अखिलेश शर्मा, जगदम्बा सिंह, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, सुमित त्रिपाठी एवं अजय शुक्ल शामिल रहे।

बाइक सवार ने वृद्ध महिला को मारी टक्कर, टूटा पैर हुई रेफर

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय थाना अंतर्गत सराय बीरू के आर पी डी नर्सिंग होम के बगल में रविवार की दोपहर घर से बाजार जा रही वृद्ध महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी टक्कर में महिला का पैर टूट गया घायलावस्था में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहा मरीज की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।गौरतलब ही कि छितौना निवासनीय मंती बनवासी पत्नी स्व शोभा बनवासी 65 वर्ष घर से बाजार जा रही थी जैसे ही आर पी डी नर्सिंग होम के पास पहुंची कि तभी बाजार से सरकी की तरफ जा रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे महिला का पैर टूट गया।घायलावस्था में महिला सामुदायिक केन्द्र लाया गया जहा महिला की स्थिति गंभीर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वही घटना की सूचना जब प्रधानपति व युवा समाजसेवी फौजी सुबास यादव को हुई तो आनन फानन में सामुदायिक केन्द्र पहुंच महिला को जिला अस्पताल ले गये। फौजी सुबास यादव की इस दरियादिली को देख हर कोई प्रसन्नता कर रहा है।

श्रीराम इनसाइट द्वारा निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बलिया। श्रीराम इनसाइट शेयर ब्रोकर्स लिमिटेड द्वारा शुक्रवार को निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कोलकाता हेड ऑफिस से आये कम्पनी के महाप्रबंधक श्री अवधेश कुमार सिंह ने दर्जनों निवेशकों को शेयर बाजार और म्युचुअल फण्ड के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। श्री सिंह ने निवेशकों को सलाह देते हुए कहा कि वे बाजार की अटकलों के आधार पर निवेश न करें और केवल सेबी के पास पंजीकृत मध्यस्थों के जरिये ही निवेश करें। उन्होंने ये भी बताया कि कैसे महंगाई दर हमारी गाढ़ी कमाई के पैसे को साल दर साल घटाती जा रही है। निवेशकों को अपनी वित्तीय योजना बनानी चाहिए और अपने वित्तीय लक्ष्यों

के अनुरूप निवेश के लिए वित्तीय उत्पादों का चयन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि म्युचुअल फण्ड अथवा शेयर बाजार में कुछ मूलभुत सिद्धांतों जैसे नियमित बचत और एक विविधता वाले पोर्टफोलियो में निवेश को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। साथ ही म्युचुअल फण्ड में एकमुश्त व एसआईपी के माध्यम से निवेश पर बारीकी से जानकारी दिया। निवेशकों ने अपने प्रश्नों के माध्यम से निवेश एवं जोखिम संबंधी अहम जानकारियों का लाभ उठाया।

जनऊपुर-बाराबांध जर्जर सड़क पर चलना मुश्किल

रतसर (बलिया)। प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी बदहाल सड़कों की सूरत संवरती नही दिख रही । मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 15 नवम्बर तक हर हाल में क्षतिग्रस्त सड़कों को बनाने का निर्देश दिया था। इसे बाद में 30 नवंबर तक कर दिया गया। नगरीय क्षेत्र में तो खराब सड़कों को फिर भी दुरुस्त कर दिया गया लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों की हालत बदतर है। कई वर्षों से यहां की बदहाल सड़कों की किसी ने सुधि तक नही ली। गड़वार ब्लाक में कुछ ऐसी भी सड़कें है जो 20 साल पहले बनी थी लेकिन उसके बाद कभी उनकी मरम्मत के अभाव में इन सड़कों पर बड़े-बड़े

गड्ढे हो गए है ब्लाक मुख्यालय से 8 किमी दूर जनऊपुर से एकडेरवा होते हुए बाराबांध को जोड़ने वाली डेढ़ किमी की सड़क लगभग 20 वर्ष पूर्व पूर्वांचल निधि से बनी थी। सड़क बनने के बाद उसकी कभी मरम्मत नही हुई। अब हाल यह है कि सड़क खोजे नही मिलेगी, हां- उसकी जगह कुछ गड्ढे जरूर मिल जाएगें। वो भी ऐसे जिनकी वजह से इस पर पैदल चलना भी मुश्किल है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित आरंभ 2023- स्टार्टअप कार्यशाला का आयोजन

बिल्थरारोड (बलिया)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित एजेंसी नेत्रत्वशाला ने बिल्थरा रोड तहसील क्षेत्र के स्वर्गीय केशव प्रसाद पीजी कॉलेज, ससना, बहादुरपुर में पूर्वी उत्तर प्रदेश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप बूट कैंप का शुभारंभ किया। 120 बूट कैम्प की साल भर चलने वाली यह श्रृंखला आरंभ भारत का सबसे बड़ा स्टार्टअप जन जागरूकता का अभियान है।

स्टार्टअप की ओर से मुख्य अतिथि प्रणव द्विवेदी ने शैक्षिक संस्थानों में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जागरूकता पैदा करने की दिशा में काम करने वाली अग्रणी संस्था नेत्रत्वशाला, पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप के विकास पर विशेष योगदान देने हेतु बूट कैंप के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और राज्य के लिए एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण के साथ प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी में बूट शिविर आयोजित किया जा रहा है। बूट कैंप प्रदेश के एक लाख से ज्यादा छात्रों, युवा उद्यमियों और महत्वाकांक्षी व्यापार मालिकों को स्टार्टअप इकोसिस्टम और उनके लिए उपलब्ध अवसरों की व्यापक समझ प्रदान करेगा। शिविर में इंटरएक्टिव वर्कशॉप, मेंटरशिप सत्र और सफल उद्यमियों और निवेशकों के साथ नेटवर्किंग के अवसर शामिल होंगे। नेत्रत्वशाला के सीईओ प्रतीक अग्रवाल ने कहा, "हम वर्ष 2020 से स्टार्टअप के क्षेत्र में कार्यरत है तथा इस महत्वपूर्ण पहल पर उत्तर प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी करने को लेकर

उत्साहित हैं।" प्रणव द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश में अपार सँभावनाहै तथा युवाओं के सही मार्गदर्शन से लाखों नये रोजगार पैदा किए जा सकते है । योगी सरकार द्वारा लायी गई स्टार्टअप पॉलिसी हर ज़िले में स्टार्टअप इकोसिस्टम खड़ा करने हेतु संकल्पित है तथा इस प्रकार के आयोजन युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है । इस बूट कैंप के माध्यम से हमारा उद्देश्य पूर्वी उत्तर प्रदेश में उद्यमियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित और सशक्त बनाना है।" नेत्रत्वशाला जिला प्रमुख बलिया जितेंद्र शर्मा को बलिया से बेस्ट स्टार्ट अप आइडिया सीड फंड के लिए 5 लाख रुपये का फंड भी आवंटित किया गया।

बूट कैंप एक महीने की अवधि में पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में आयोजित किया जाएगा। यह क्षेत्र के छात्रों, युवा उद्यमियों और इच्छुक व्यापार मालिकों के लिए खुला है। बूट कैंप के लिए पंजीकरण करने के लिए, कृपया नेत्रत्वशाला की वेबसाइट पर जाएँ या उनसे सीधे संपर्क करें। मुख्य अतिथि द्विवेदी के अलावे स्टेट स्टार्टअप मेंटर तथा सलाहकार , सुश्री काव्या सिंह, स्टार्टअप मेंटर विनय सिंह और स्टेट ग्रुप हेड अमिय कृष्ण उपाध्याय सहित जिला संपर्क प्रमुख बलिया जितेंद्र शर्मा, ब्रह्म शक्ति संघ भारत के राष्ट्रीय संयोजक टी एन मिश्र, राजेंद्र प्रताप सिंह, बंटी सिंह, वेद प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता देवेंद्र पीजी कालेज बेल्थरा रोड के प्राचार्य डा. हरे राम सिंह तथा सफल संचालन डा. बेचन यादव ने किया।

रोटरी उदय व दीवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग विजेता बच्चे हुए पुरस्कृत

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रोटरी उदय व दीवा फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली चित्रकला प्रतियोगिता अपनी कल्पना को रंग दें - 4 (Paint your Imaginination - 4) इस

वर्ष 22 जनवरी 2023 रविवार को कचहरी के समीप वरूणापुल स्थित शास्त्री घाट पर आयोजित की गई `प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 70 से अधिक छात्र- छात्राओ ने प्रतिभाग किया` प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो के साथ अन्य सभी प्रतिभागी बच्चो को भी प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी प्रदान की गई आयोजन की मुख्य अतिथि एवं निर्णायक, सुप्रसिद्ध इतिहासकार एवं कलाविद डॉ कनु प्रिया (प्रोफेसर,का हि वि वि) व रो. डॉ सचिन मिश्रा थे कार्यक्रम का संचालन व संयोजन रो.विजय त्रिपाठी व अंजू त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर रो.अखिलेश रावत, रो. आदित्य दूबे, रोट्रैक्ट कुशाग्र मिश्रा आदि लोग उपस्थित हुए` कार्यक्रम के समापन में रोटरी उदय के अध्यक्ष रोटेरियन अजय दूबे ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन प्रेसित किया तथा प्रतिभागी विद्यार्थियों के उज्जवल जीवन की कामना की।

वाराणसी व्यापार मंडल ने पांच नए संगठनों की घोषणा के साथ अपनी शाखाओं में जंबोजेट किया विस्तार

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी व्यापार मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा द्वारा अपने संगठन का विस्तार करते हुए पांच नए व्यापारियों शाखाओं की घोषणा की गई जिसमें जिला महिला व्यापार मंडल वाराणसी, अल्पसंख्यक महिला व्यापार मंडल, वाराणसी ब्यूटी पार्लर व्यापार मंडल, पूर्वांचल औद्योगिक ठेला पटरी व्यापार मंडल, पूर्वांचल युवा ठेला पटरी व्यापार मंडल की घोषणा की गई 22 जनवरी 2023 रविवार कों चंद्रिका नगर स्थित एक होटल में सैकड़ों की संख्या में जुटे पदाधिकारियों तथा व्यापारियों के समक्ष अजीत सिंह बग्गा के द्वारा जिला महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष शालिनी खन्ना, महामंत्री श्रुति ईसर, आरती शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, स्वाति गुप्ता संगठन मंत्री, वाराणसी अल्पसंख्यक महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष सोनी खान, महामंत्री महजबी बानो, वाराणसी ब्यूटी पार्लर व्यापार मंडल अध्यक्ष स्वाति गुप्ता , महामंत्री संजू सिंह , पूर्वांचल युवा ठेला पटरी व्यवसाय

मंडल अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव , महामंत्री बबलू अग्रहरि तथा पूर्वांचल औद्योगिक ठेला पटरी व्यापार मंडल अध्यक्ष नताशा तनेजा तथा महामंत्री प्रीति चौरसिया , सह प्रभारी पुरषोत्तम पांडेय एवं लाल जी गुप्ता शिवा पांडेय ,पंकज (उपाध्यक्ष) को घोषित करते हुए अपने शाखाओं में पांच नए संगठनों को शामिल किया इस तरह से वाराणसी व्यापार मंडल की कुल 18 शाखाएं पूर्वांचल भर में कार्यरत है वाराणसी व्यापार मंडल में प्रबोध मेहरा को मंत्री तथा आसिफ शेख को प्रचार मंत्री घोषित किया गया` पूर्वांचल व्यापार मंडल में नए पदाधिकारी सुनील गुप्ता , शिव शंकर सेठ तथा अरुण सिंह को शामिल किया गया` इन सभी संगठनों को सुचारू रूप से चलाने के लिए तथा कार्य को आगे बढ़ाने के लिए संतोष सिंह आईटी सेल अध्यक्ष को पांच संगठनों का प्रभारी तथा तिलक राज मिश्रा को दो संगठनों का प्रभारी भी घोषित किया गया साथ ही नीलिमा चौबे को सह प्रभारी बनाया गया 12 फरवरी को इन सभी संगठनों का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा इस विस्तार मीटिंग में वाराणसी व्यापार मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ,महामंत्री कविंद्र जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश निरंकारी, प्रभाकर सिंह, प्रबोध मेहरा , रमेश पाण्डेय, युवा अध्यक्ष संजय गुप्ता, संयुक्त महामंत्री मनीष गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शाहिद कुरेशी,अरविंद जायसवाल, चांदनी श्रीवास्तव, रीना विश्वकर्मा , महेश्वरी बानू, सविता विश्वकर्मा, सुनीता सोनी अध्यक्ष महिला व्यापार मंडल , जरीना खान, रितु सिंह , अशोक केसरी ,रामकुमार केसरी, सत्य प्रकाश ,अंबे सिंह, विनोद कुमार ,राजेश जायसवाल ,जितेश कुमार जायसवाल, धर्मेंद्र सिंह, चंचल सिंह ,संदीप गुप्ता, जयप्रकाश राजभर, आनद ,अरविंद लाल, शिवप्रकाश सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी सम्मिलित थे` संयुक्त महामंत्री मनीष गुप्ता द्वारा किया गया।

संक्षिप्त खबरें

संदीप सिंह गाजीपुर गौ रक्षा समिति के जिला प्रभारी बने

प्रखर डेस्क। सनातन सभ्यता में गाय को माता माना जाता है और सम्मान व आदर के साथ गौमाता कहकर संबोधित किया जाता है। जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब से गौमाता का सम्मान और भी बढ़ गया है। इसी क्रम में विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति उत्तर प्रदेश के गठन की प्रक्रिया में गाजीपुर जनपद के रामपुर माझा निवासी संदीप सिंह को गाजीपुर जनपद का गौ रक्षा समिति का जिला प्रभारी बनाया गया है। इनके नाम की सहमति गाजीपुर जिला अध्यक्ष विवेक शर्मा ने दी। बता दें कि वर्षों से गाय की रक्षा के लिए गौ रक्षा का कार्य कर रही संस्था गाय को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देश पर संदीप सिंह को गौ रक्षा समिति का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष विवेक शर्मा ने संदीप सिंह से आशा की है कि गोरक्ष पीठाधीश्वर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हिंदुत्व व गौ रक्षा अभियान को वह पूर्ण गति प्रदान करेंगे।

छितौना गांव में दो अजगर मिलने से मचा हड़कंप

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के छितौना गांव में रविवार की दोपहर लगभग 12 फूट के दो अजगर मिलने से हड़कंप मच गया ग्रामीणों ने अपनी सूझ बूझ दिखाते हुए अजगर को रेस्क्यू कर वन विभाग के अधिकारियों को सुपुर्द कर दिया गया।गौरतलब हो कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव के पूरब बस्ती के नाले के पास झाड़ियों में दो अजगर को देख कर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया देखते ही देखते ग्रामीणों को भीड़ इकट्ठा हो गई किसी ने प्रधानपति व युवा समाजसेवी फौजी सुभाष यादव को सूचना दी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सुबाष यादव ने ग्रामीणों की मदद से अजगर को रेस्क्यू कर खुद वन विभाग पहुंचते समय रास्ते में ही वन विभाग के अधिकारियों को अजगर सुपुर्द कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि एक अजगर की लंबाई लगभग 12 फिट व दूसरे अजगर की लंबाई लगभग 10 फिट बताई जा रही है। और इस तरह के युवा समाजसेवी के द्वारा सामाजिक कार्य क्षेत्र में आये दिन देखने को मिलता रहता है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अवसर गाँव के सहयोगी संजय सरोज, विशाल मौर्य, अजय मौर्य, मनीष यादव, विशाल यादव, व गाँव के साथ तमाम लोग मौजूद रहे ।

भाजपा की सरकार ने सभी वर्ग का विकास किया : दिलीप सोनकर

पिंडरा। पृथ्वीराज जनशक्ति पार्टी का विस्- स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को सहमलपुर में सप्पन्न हुआ। जिसमें सैकड़ो महिला व पुरुष कार्यकर्ता जोश में दिखे। कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राजमंत्री दिलीप सोनकर ने कहाकि भाजपा जनहित के कार्यो को करने में कत्तई राजनीति नही करती। भाजपा ने सभी वर्ग के विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर किया। पृथ्वीराज जनशक्ति पार्टी को भाजपा द्वारा मान सम्मान , हक और अधिकार मिलेगा। सम्मेलन में जुटी भीड़ ने अपनी ताकत का एहसास करा दिया है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पृथ्वीराज जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन सिंह चौहान ने कहा कि पृथ्वीराज जनशक्ति पार्टी का साथ मिला तो भारतीय जनता पार्टी 2024 में देश में प्रचंड बहुमत की बनेगी। उन्होंने भाजपा के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। संचालन राधिका सिंह ने किया। सम्मेलन को रमाशंकर चौहान , नंदा पटेल, रणवीर चौहान , रामचंद्र चौहान, किशोर विश्वकर्मा, रामधारी राजभर , अनीता व गीता जायसवाल , चंद्रिका जायसवाल व किशोर विश्वकर्मा सहित अनेक नेताओ ने सम्बोधित किया।

जन चौपाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन, अब गांव की समस्या का गांव में होगा समाधान

सिकन्दरपुर (बलिया)। नवानगर विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत चकपुरुषोत्तम में शुक्रवार को जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गांव की समस्या तथा उनके समाधान पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस दौरान गांव के सैकड़ों ग्रामीण महिला तथा पुरुषों ने अपनी अपनी समस्याओं को दर्ज कराया, जिसमें सर्वाधिक आवास, शौचालय, वरासत, पेंशन की समस्या तथा राशन कार्ड की समस्या रही। वही गांव में घरों के सामने से नाली निकासी की समस्या भी ग्रामीणों द्वारा दर्ज कराया गया। खंड विकास अधिकारी कमलेश कुमार यादव व ग्राम प्रधान स्वामीनाथ यादव ने सभी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए तत्काल उसका निस्तारण की बात कही।

वजन कम करना है तो अपनी दिनचर्या में करें बदलाव

लौबोरो (यूके) (द कन्वरसेशन)। वजन कम करना नए साल के सबसे लोकप्रिय संकल्पों में से एक है, फिर भी हम में से अधिकांश को इसे हासिल करने में दिक्कत आती है। जनवरी के दूसरे या तीसरे सप्ताह के आसपास आने तक, हम में से कई लोगों को अपना वजन कम करने, या कम से कम बनाए रखने के लिए जीवनशैली में आवश्यक बदलाव के साथ रहना मुश्किल लगने लगता है। लेकिन जब हमारे वजन को प्रबंधित करने की बात आती है तो एक रणनीति जो बेहतर काम कर सकती है वह है 'छोटे बदलाव करने का दृष्टिकोण'। यह इस समझ के साथ शुरू होता है कि लंबी दौड़ के लिए, छोटी शुरुआत करना सबसे अच्छा हो सकता है।

बड़े बदलावों को बनाए रखना होता है कठिन

अधिकांश लोग जो अपने वजन पर नजर रख रहे हैं वे अपने आहार या शारीरिक गतिविधि की आदतों में बड़े बदलाव करके शुरुआत करते हैं। लेकिन बड़े बदलावों को समय के साथ बनाए रखना मुश्किल हो सकता है क्योंकि उन्हें उच्च स्तर की प्रेरणा की आवश्यकता होती है। यह सच है कि प्रेरणा स्वाभाविक रूप से बढती और कम होती है, इसमें कोई आश्चर्य की कोई बात नहीं है कि जीवन शैली में इन बड़े बदलावों को बनाए रखना कठिन हो सकता है।

यह वज़न प्रबंधन रणनीति अनुशंसा करती है कि लोगों को अपने भोजन में कैलोरी की मात्रा 100-200 तक कम करनी चाहिए और/या प्रतिदिन केवल 100-200 अतिरिक्त कैलोरी जलानी चाहिए। इसे ध्यान में रखने के लिए, इसका मतलब सिर्फ एक या दो कम चॉकलेट बिस्कुट खाना या हर दिन 10-20 मिनट अतिरिक्त चलना हो सकता है। यह तय है कि आपको प्रतिदिन 100-200 कैलोरी कम खाने या 100-200 कैलोरी अधिक जलाने के लिए अपने वर्तमान व्यवहार में बहुत मामूली बदलाव करने की आवश्यकता होगी। इन छोटे परिवर्तनों को आपके दैनिक जीवन में शामिल करना आसान हो सकता है और, बड़े परिवर्तनों के विपरीत, आपके सामान्य दिनचर्या के बाहर अतिरिक्त समय और प्रयास की आवश्यकता नहीं होगी।

> छोटे परिवर्तन करते समय हमारे असफल होने की संभावना भी कम होती है, जो हमें समय के साथ बड़े परिवर्तन करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

कैलोरी प्रबंधन से मिलेगी मदद

एक छोटा परिवर्तन दृष्टिकोण भी अधिक लचीला है, क्योंकि कई अलग-अलग तरीके हैं जिनसे आप अपने द्वारा खाई जाने वाली कैलोरी को कम कर सकते हैं और/या आपके द्वारा प्रतिदिन खर्च की जाने वाली कैलोरी को 100-200 तक बढ़ा सकते हैं। यह लचीलापन आपको इस दिनचर्या से अधिक समय तक जोड़े रखने में मदद कर सकता है और शोध से पता चलता है कि जब स्वास्थ्य की बात आती है, तो अपनी सामान्य आदतों में छोटे-छोटे बदलाव करना अधिक प्रभावी हो सकता है।

छोटे परिवर्तन करते समय हमारे असफल होने की संभावना भी कम होती है, जो हमें समय के साथ बड़े परिवर्तन करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। हमारी टीम द्वारा किए गए पिछले शोध के अनुसार, लोगों को अपना वजन प्रबंधित करने में मदद करने के लिए छोटा परिवर्तन दृष्टिकोण वास्तव में एक प्रभावी रणनीति हो सकती है। हमारे अध्ययन ने 21 परीक्षणों के परिणामों को संयोजित किया जिसमें वजन प्रबंधन के लिए छोटे परिवर्तन दृष्टिकोण का उपयोग किया गया।

पवन सिंह को लेकर सात मेहारिया बनाएंगे धनंजय सिंह

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार और डीआएस म्यूजिक के संचालक धनंजय सिंह पावर स्टार पवन सिंह को लेकर फिल्म 'सात मेहरिया' बनाने जा रहे हैं। हैप्पी फिल्म्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म 'सात मेहारिया' में पवन सिंह की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का निर्देशन डीओपी और निर्देशक देवेंद्र तिवारी करेंगे।

निर्माता धनंजय सिंह ने बताया, सात मेहारिया में भोजपुरी फिल्मों के टॉप सात हीरोईन नजर आएंगी, जिसकी कास्टिंग का काम शुरू हो रहा है। हमने पवन सिंह के साथ उनके जीवनी पर आधारित फिल्म पवन राजा का निर्माण किया था, जिसने भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। सात मेहरिया में दर्शको को एंटरटेनमेंट का फूल डोज मिलने वाला हैं। वही फिल्म के निर्देशक देवेंद्र तिवारी ने कहा, सात मेहरिया इस वर्ष की सबसे बड़े कैनवास की फिल्म होगी।

खेसारी की भोजपुरी फिल्म संघर्ष 2 की शूटिंग पूरी

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता खेसारी लाल यादव की आने वाली फिल्म संघर्ष 2 की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म संघर्ष 2 के निर्माता रत्नाकर कुमार ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें फिल्म से जुड़ी टीम नजर आ रही है। फोटो के कैप्शन कंप्लीट संघर्षे हेलीकॉप्टर शॉट्स थैंक्स लिखा हुआ है। इस फिल्म में खेसारी के साथ मेघाश्री, माही श्रीवास्तव और सबा खान की तिकड़ी नजर आएगी।

फिल्म का निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। इस फिल्म में सुरेश ओबेरॉय सूत्रधार की भूमिका में हैं।

वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स चैनल जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत संघर्ष 2 में खेसारी लाल यादव, मेघाश्री, माही श्रीवास्तव और सबा खान के अलावा संजय पांडेय, सुशील सिंह, अनूप अरोरा, पप्पू यादव, विनीत विशाल, नीलम वशिष्ठ, विनोद मिश्रा, समर्थ चतुर्वेदी, गौरव राय, मनीप चतुर्वेदी, निशा तिवारी, आकाश सिसोदिया उर्फ अक्की सहित कई अन्य कलाकार हैं। इसके सह निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव हैं। फिल्म के राइटर एंड स्टोरी वीरू ठाकुर, म्यूजिक कृष्णा बेदर्दी, डीओपी आरआर प्रिंस, कॉस्ट्यूम बादशाह, मार्केटिंग हेड विजय यादव है।

मुकेश-नीता ने बेटे की सगाई में लगाए ठुमके

मुंबई (आईएएनएस)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष अरबपति मुकेश अंबानी ने पत्नी नीता के साथ अपने छोटे बेटे अनंत की राधिका मर्चेंट के साथ सगाई समारोह में जमकर ठुमके लगाए। अंबानी के बड़े बेटे आकाश और बहु, जुड़वां बहन ईशा अपने पति आनंद पीरामल के साथ गुरुवार की रात एंटीलिया भवन में अस्थायी मंच पर अंबानी दंपति के साथ शामिल हुए। 1994 में बनी फिल्म हम आपके हैं कौन के सुपरहिट गीत वाह, वाह रामजी, जोड़ी क्या बनाई पर अंबानी परिवार झूम उठा। कई दर्शक भी खुद को रोक नहीं पाए और वे भी नाचने लगे।

नीता अंबानी ने अपने पति मुकेश के साथ कदम ताल करते हुए नृत्य में उनका पूरा साथ दिया। युगल को नृत्य करते देख सभी रोमांचित हो उठे। अंबानी दंपति के बच्चों ने भी अपनी नृत्य प्रतिभा से सभी को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम में मौजूद अंबानी परिवार की बहू (श्लोका) और दामाद (पीरामल)और मुकेश के समधियों व अन्य प्रतिष्ठित लोगों ने भी ताली बजाते हुए खुशी का इजहार किया। और अन्य आमंत्रितों से उनकी समधियों सहित एक प्रतिष्ठित सभा थी। नाचने के बाद मुकेश अंबानी ने दर्शकों की ओर हाथ हिलाया व फ्लाइंग किस के साथ उनके प्यार को स्वीकार किया और पूरे परिवार ने झुक कर सबका प्रणाम किया।

> नीता अंबानी ने अपने पति मुकेश के साथ कदम ताल करते हुए नृत्य में उनका पूरा साथ दिया। युगल को नृत्य करते देख सभी रोमांचित हो उठे।

गुरुवार की रात के समारोह में पारंपरिक गोल धना और चुनरी विधि के साथ-साथ युवा जोड़े द्वारा अंगूठियों का आदान-प्रदान किया गया। परिवार के मंदिर और समारोह क्षेत्रों में सदियों पुरानी परंपराओं का बड़े उत्साह के साथ आयोजन किया गया। इसके बाद अभिवादन, उपहार, और मस्ती की गई।

शाम की शुरुआत ईशा अंबानी-पीरामल के अपनी होने वाली भाभी के घर जाकर औपचारिक रूप से उन्हें सगाई समारोह के लिए आमंत्रित करने के साथ हुई। दुल्हन का परिवार उपहारों और मिठाइयों के साथ दूल्हे के घर आया और सभी ने खुशियां मनाईं। अंगूठियों का आदान-प्रदान किया गया। जोड़े ने सभी बड़ों का आशीर्वाद लिया।

सवा पांच लाख रुद्राक्ष से बने महाकाल की यज्ञशाला में राष्ट्र रक्षा महायज्ञ

प्रयागराज (वार्ता)। तीर्थराज प्रयाग में संयम, संस्कार एवं संस्कृति के संवाहक माघ मेला में 'राष्ट्रहित' महायज्ञ आरंभ किया गया। यज्ञशाला में सवा पांच लाख रुद्राक्ष के मनकों से महाकाल का सवा पांच फुट ऊंचा शिवलिंग तैयार किया गया है। उसी के बगल में चार कुण्ड तैयार किए गए हैं जिसमें यज्ञ किया जाता है। विशाल यज्ञ वेदी में चार चरणों में एक हजार आठ त्रिशूल की स्थापना किया गया है। इसमें काले रंग के घेरा वाले त्रिशूल आतंक के विनाश, महामारी के नाश के लिए, पीला त्रिशूल शत्रु (देश पर किसी भी अक्रांता के पराजय की कामना से लगाए गए हैं, सफेद रंग के घेरे वाले त्रिशूल ज्ञान-विद्या की गंगा देश सतत बहती रहे, लाल रंग के शिूल देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ बनाने के लिए है।

हिंदू धर्म में रूद्राक्ष का अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। रुद्राक्ष सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। सुरक्षा के लिए, ग्रह शांति के लिए और आध्यात्मिक लाभ के लिए प्रयोग किया जाता रहा है। रुद्राक्ष का लाभ अदभुत होता और प्रभाव अचूक होता है। रुद्राक्ष की विशेषताओं और महिमा का वर्णन शिवपुराण, लिंगपुराण, एवं सकन्दपुराण आदि में प्रमुखता से किया गया है। यह हर तरह की समस्या को हरने की क्षमता रखता है। जीवन रक्षक मंत्र महामृत्युंजय और लघुमृत्युंजय मंत्र का जाप रुद्राक्ष माला पर किए जाने से सकारात्मक लाभ मिलता है। सुरक्षा के लिए, ग्रह शांति के लिए और आध्यात्मिक लाभ के लिए इसका प्रयोग किया जाता रहा है। मेले में एक बाबा ऐसे भी पहुंचे हैं जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र हितार्थ 1100 से अधिक माला धारण किए हैं।

माघ मेले में हजारों संत-महात्मा पहुंचे है लेकिन अमेठी जिले के बाबूगंज स्थित परमहंस आश्रम के महंत शिवयोगी मौनी महाराज श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। श्रद्धालु इन्हें रुद्राक्ष वाले बाबा के नाम से जानते हैं। मौनी बाबा सिर से कमर तक जब ज्ञारह हजार रुद्राक्ष की मालाएं धारण कर मेले में निकलते हैं तो उन्हें देखने वालों की भीड़ लग जाती है। सिर से कमर तक रुद्राक्ष की एक-दो नहीं बल्कि करीब गयारह सौ से अधिक मालाएं जिसमें ज्ञारह रुद्राक्ष की तो कोई इक्कीस-इक्यावन और एक मुखी तथा एक सौ आठ रुद्राक्षों की है। इसके साथ ही स्फटिक की माला भी धारण करते हैं। सभी मालाओं का वजन करीब 40 किलोग्राम है।

उन्होंने बताया कि इसमें काले रंग के घेरा वाले त्रिशूल आतंक के विनाश, महामारी के नाश के लिए, पीला त्रिशूल शत्रु (देश पर किसी भी अक्रांता को पराजय की कामना से लगाए गए हैं, सफेद रंग के घेरे वाले त्रिशूल ज्ञान-विद्या की गंगा देश सतत बहती रहे, लाल रंग के त्रिशूल देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए है।

रणदीप हुड्डा 'लाल रंग 2' में अपनी भूमिका को फिर से निभाने के लिए तैयार

मुंबई (आईएएनएस)। रणदीप हुड्डा सैयद अहमद अफजल की 'लाल रंग 2' में शंकर की अपनी भूमिका को फिर से दोहराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो 2016 में आई फिल्म 'लाल रंग' का सीक्वल है। 'लाल रंग' हरियाणा में सेट की गई कहानी थी, जो एक डार्क कॉमेडी ड्रामा थी। इसमें रक्त व्यापार के इर्द-गिर्द पूरी कहानी घूम रही थी और शंकर (रणदीप) को एक अवैध ब्लड बैंक के मालिक के रूप में दिखाया गया था। रणदीप, जिन्हें 'हाईवे', 'जन्नत 2', 'जिस्म 2', 'किक', 'सुल्तान' आदि के लिए जाना जाता है, ने अपनी भूमिका पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा, "शंकर मलिक यह एक ऐसा किरदार है जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा, सात साल बाद भी फिल्म प्रासंगिक बनी हुई है और इसके लिए एक समर्पित प्रशंसक है। इसने मुझे एक निर्माता के रूप में इस नई यात्रा को बहुत खुशी और इसके प्रति जिम्मेदारी की भावना के साथ शुरू करने के लिए मजबूर किया है।" अक्षय ओबेरॉय और पिया बाजपेयी भी पहले भाग से अपनी भूमिकाओं को फिर से निभाएंगे।

नीरू बाजवा ने अपनी शादी और प्रेम को लेकर किया नया खुलासा

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेत्री नीरू बाजवा ने हाल ही में कभी शादी नहीं करने के अपने फैसले पर खुलकर बात की और बताया कि कैसे बाद में उन्हें हैरी जवंधा से प्यार हो गया और फिर शादी कर ली। उन्होंने साझा किया, मैं कभी भी शादी नहीं करना चाहती थी, और मैंने सोचा था कि मैं हमेशा के लिए अकेली रहूंगी क्योंकि मैं वह रोमांटिक किस्म की नहीं हूं बल्कि मैं बहुत व्यावहारिक हूं। लेकिन वो कहते है न कि जब प्यार होता है तो घंटी बजने लगती है, हवा चलने लगती है और आपको यह अजीब सा अहसास होता है। और ईमानदारी से, ये सब चीजें तब हुईं जब मैंने हैरी को देखा और वास्तव में, पहली बार जब मैंने उसे देखा तो मुझे पता था कि मैं उससे ही शादी करुंगी। नीरू ने 1998 में देव आनंद की फिल्म 'मैं सोलह बरस की' से अभिनय की शुरूआत की, और बाद में उन्होंने 'अस्तित्व... एक प्रेम कहानी', 'जीत' और 'गन्स एंड रोजेज' जैसे टीवी शो में अभिनय किया।

आईआईटी कानपुर ने ड्रोन टेक्नोलॉजी पर कोर्स किया तैयार

कानपुर (आईएएनएस)। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर ने ड्रोन टेक्नोलॉजी पर एक कोर्स तैयार किया है, जिसे देश के आईआईटी, अन्य टेक्निकल इंस्टीट्यूट और स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स में पढ़ाया जाएगा। कोर्स को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देश पर डिजाइन किया गया है। मंत्रालय ड्रोन टेक्नोलॉजी को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण मानता है। मंत्रालय का मानना है कि इस कदम से क्षेत्र में स्पेशलिस्ट की क्वालिटी सप्लाई में मदद मिलेगी। एक फैकल्टी मेंबर ने कहा, इसीलिए मंत्रालय ने मैक्रो लेवल पर छात्रों तक ड्रोन टेक्नोलॉजी पहुंचाने का काम शुरू किया है। कोर्स को डिजाइन करने का जिम्मा एयरो-स्पेस इंजीनियरिंग के दो वैज्ञानिकों - डॉ. अभिषेक और मंगल कोठारी- को दिया गया। दोनों ने दो साल का डिग्री कोर्स तैयार किया, जिसमें थ्योरी और प्रैक्टिकल का समान महत्व होगा। इस कोर्स में ड्रोन बनाने की नई तकनीकों को भी शामिल किया गया है।

> कोर्स को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देश पर डिजाइन किया गया है

फोटो भेजने के फीचर पर काम कर रहा व्हाट्सऐप

सैन फ्रांसिस्को (आईएएनएस)। मेटा-स्वामित्व वाला मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सऐप कथित तौर पर एक नए फीचर पर काम कर रहा है जो उपयोगकर्ताओं को उनकी मूल क्वालिटी में फोटो भेजने की अनुमति देगा। वाबेटाइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, प्लेटफॉर्म ड्राइंग टूल हेडर के भीतर एक नए सेटिंग आइकन को एकीकृत करने की योजना बना रहा है, जो उपयोगकर्ताओं को किसी भी फोटो की गुणवत्ता को कॉन्फिगर करने की अनुमति देगा।

नया फीचर उपयोगकर्ताओं को उनके द्वारा भेजी जाने वाली तस्वीरों की क्वालिटी पर अधिक नियंत्रण प्रदान करेगा, खासकर जब फोटो को उसकी मूल क्वालिटी में भेजना आवश्यक हो। रिपोर्ट में कहा गया है कि उनकी मूल क्वालिटी के साथ फोटो भेजने की क्षमता वर्तमान में विकास के अधीन है और भविष्य के अपडेट में जारी होने की उम्मीद है।

बुधवार को, यह बताया गया था कि मैसेजिंग प्लेटफॉर्म एंड्रॉइड बीटा पर एक नया 'वॉयस स्टेटस अपडेट' फीचर शुरू कर रहा है, जो यूजर्स को स्टेटस अपडेट के जरिए वॉयस नोट्स साझा करने की अनुमति देगा। कंपनी उपयोगकर्ताओं को शेयर करने से पहले रिकॉर्डिंग को छोड़ने की क्षमता प्रदान कर उपयोगकर्ताओं को उनकी वॉयस रिकॉर्डिंग पर अधिक नियंत्रण प्रदान करती है।

प्रियंका चोपड़ा ने दिया सरोगेट के इस्तेमाल की आलोचना का जवाब

लॉस एंजेलिस (आईएएनएस)। 'क्वांटिको' की अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपने सरोगेट के इस्तेमाल को लेकर हो रही आलोचना को संबोधित करके हुए अपनी बात रखी। 40 वर्षीय अभिनेत्री ने 'ब्रिटिश वोग' के साथ मातृत्व और बेटी मालती मैरी की मां के रूप में जीवन की अपनी यात्रा साझा की, जिसने इस सप्ताह अपना पहला जन्मदिन मनाया। मालती के जन्म की घोषणा प्रियंका चोपड़ा जोनस और पति निक जोनस ने एक संयुक्त बयान में सोशल मीडिया पर की थी।

सरोगेट के माध्यम से उनकी बच्ची का जन्म होने की खबर पर टिप्पणी और आलोचना की गई जो नई मां के लिए कठिन थी। उन्होंने 'ब्रिटिश वोग' से कहा, जब लोग मेरे बारे में बात करते हैं तो कोई बात नहीं, लेकिन यह बहुत दर्दनाक है जब वे मेरी बेटी के बारे में बात करते हैं। उसको बाहर रखना चाहिए। 'पीपल' के अनुसार, चोपड़ा जोनस ने पुष्टि की कि उनके लिए सरोगेट का उपयोग चिकित्सकीय रूप से आवश्यक था। इस बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने आगे कहा, मुझे चिकित्सकीय जटिलताएं थीं, यह एक आवश्यक कदम था और मैं बहुत आभारी हूं कि मैं उस स्थिति में थी जहां मैं ऐसा कर सकती थी। हमारा सरोगेट इतना उदार, दयालु, प्यारा और मजाकिया थी, और उसने छह महीने तक हमारे लिए इस कीमती उपहार का ख्याल रखा। यह देखते हुए कि आलोचकों को उनके बारे में अपने विचारों को बदलने की संभावना नहीं है, प्रियंका चोपड़ा जोनस ने कहा, आप मुझे नहीं जानते। आप नहीं जानते कि मैं क्या कर रही हूं। और सिर्फ इसलिए कि मैं अपना चिकित्सा इतिहास नहीं बनाना चाहती, या मेरी बेटी की, वजह चाहे जो भी रही हो, जनता आपको इसका अधिकार नहीं देती है।

संक्षिप्त खबरें

बेंटले ने उतारी छह करोड़ रुपये कीमत की कार

नई दिल्ली। महंगी कार बनाने वाली बेंटले ने छह करोड़ रुपये मूल्य की अपनी मशहूर कार बेंटायगा का नया मॉडल शुक्रवार को भारत में पेश किया। भारत में बेंटले के वितरक एक्सक्लूसिव मोटर्स ने कहा कि नए मॉडल 'बेंटागा एक्सटेंडेड व्हीलबेस' की पेशकश से कंपनी को इस साल अपनी बिक्री में 40 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है।एक्सक्लूसिव मोटर्स के प्रबंध निदेशक सत्य बागला ने कहा कि वर्ष 2022 में बेंटले की 40 कारें बिकी थीं जबकि इस साल 60 वाहनों की बिक्री होने की उम्मीद है। बेंटले के नए मॉडल में चार लीटर का वी8 पेट्रोल इंजन लगा है। इसकी बिक्री बुकिंग शुरू हो गई है। हालांकि पूरी तरह आयातित मॉडल होने से इसकी आपूर्ति में करीब सात-आठ महीने का वक्त लग सकता है।

सोना 433 रुपये मजबूत चांदी 990 रुपये उछली

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 433 रुपये की मजबूती के साथ 57,025 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 56,592 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 990 रुपये की तेजी के साथ 69,208 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के एक विश्लेषक ने कहा, "दिल्ली में सोने की हाजिर कीमत 433 रुपये की तेजी के साथ 57,025 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।" विदेशी बाजारों में सोना लाभ के साथ 1,932 डॉलर प्रति औंस पर पर पहुंच गया। चांदी भी लाभ के साथ 24.02 डॉलर प्रति औंस पर रही।

जेट फ्रेट लॉजिस्टिक्स का राइट्स इश्यू

मुंबई। जेट फ्रेट लॉजिस्टिक्स ने कारोबार के विस्तार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कदम उठाते हुये योजना तैयार की है। इस योजना को पूरी करने के लिये पूंजी जुटाने के लिये कम्पनी का राइट्स इश्यू 20 जनवरी को खुल जो 31 जनवरी को बंद होगा। इससे जुटायी गयी पूंजी के माध्यम से कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने, नए भौगोलिक क्षेत्रों में प्रवेश करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए कंपनी की विस्तार योजनाओं के लिए धन का उपयोग करने की योजना बना रही है।

टाटा साल्ट का 'हर सवाल उठेगा' अभियान

नई दिल्ली। टाटा साल्ट ने एक राष्ट्रव्यापी गणतंत्र दिवस अभियान शुरू किया है। इस अभियान को देश के लिए 'हर सवाल उठेगा' नाम दिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को सवाल उठाने के लिए मंच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। इस अभियान के बारे में टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की प्रेसिडेंट दीपिका भान ने कहा, बच्चे वास्तव में हमारी सोच को नया रूप दे सकते है।

जेजीएफ ने नये संयंत्र पर 150 करोड़ निवेश किया

कानपुर। जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स (जेजीएफ) ने कानपुर जिले के ग्राम कुंभी में एक नया कारखाना स्थापित कर अपनी निर्माण क्षमता का विस्तार किया है। जेजीएफ इंडस्ट्रीज की यह नई फैक्ट्री छह महीने के भीतर 150 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की गई है। इसमें करीब 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक किशन मोदी ने कहा, कारखाने के अलावा हम विभिन्न स्थानों पर अत्याधुनिक चिलिंग सेंटर और दूध संग्रह केंद्र भी स्थापित कर रहे है।

जेएसडब्ल्यू स्टील के मुनाफे में भारी गिरावट

नई दिल्ली। इस्पात बनाने वाली कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 85.50 प्रतिशत घटकर 474 करोड़ रह गया। मुख्य रूप से खर्च बढ़ने से कंपनी का लाभ घटा है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने पिछले साल इसी दौरान 4,516 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 39,322 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल इसी दौरान 38,225 करोड़ रुपये थी। *(एजेंसियां)*

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 2245 करोड़ का बम्पर मुनाफा

■ नई दिल्ली (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में फंसे कर्जों में गिरावट आने से उसका एकल आधार पर लाभ दोगुना बढ़कर 2,245 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 1,085 करोड़ रुपये रहा था। अक्टूबर-दिसंबर 2022 की तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 24,154 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 19,454 करोड़ रुपये रही थी।

आलोच्य अवधि में बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार आया है। इसकी सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर 7.93 प्रतिशत पर आ गईं जबकि दिसंबर 2021 की तिमाही में यह 11.62 प्रतिशत पर थीं। इसी के साथ बैंक का शुद्ध एनपीए भी घटकर 2.14 प्रतिशत हो गया जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.09 प्रतिशत था।

■ बैंक का शुद्ध एनपीए भी घटकर 2.14 फीसद हो गया जबकि एक साल पहले यह 4.09 फीसद था

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का पूंजी पर्याप्तता अनुपात दिसंबर तिमाही में बढ़कर 14.45 प्रतिशत हो गया जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 13.92 प्रतिशत था। तीसरी तिमाही में बैंक ने स्टार यूनियन डायची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में शेयर निर्गम के तहत 50.20 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके बाद इस कंपनी में बैंक की हिस्सेदारी 25.10 प्रतिशत पर बरकरार है।

तनिष्क ने अमेरिका में खोला अपना पहला स्टोर

■ वाशिंगटन (भाषा)।

टाटा समूह के अग्रणी आभूषण ब्रांड तनिष्क ने न्यू जर्सी में अपना पहला स्टोर खोलने के साथ अब अमेरिका में भी अपना कदम रख दिया है। अमेरिकी संसद के सीनेटर रॉबर्ट मेनेंडेज ने न्यू जर्सी के मशहूर ओक ट्री रोड पर स्थित इस स्टोर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मेनेंडेज ने कहा कि कई आभूषण विक्रेताओं की मौजूदगी वाले ओक ट्री रोड पर तनिष्क स्टोर की शुरुआत कई मायनों में बेहद खास है।

तनिष्क ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह स्टोर 18 कैरट और 22 कैरट सोने के अलावा हीरों से बने आभूषणों की भी बिक्री करेगा। इस स्टोर की शुरुआत के पहले तनिष्क की अमेरिकी बाजार में ई-कॉमर्स मंचों के जरिये मौजूदगी थी। पिछले एक साल की ऑनलाइन मौजूदगी में तनिष्क को खरीदारों से अनुकूल प्रतिक्रिया मिली है। तनिष्क की अमेरिकी बाजार में भौतिक मौजूदगी कंपनी की कारोबार विस्तार रणनीति का हिस्सा है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की रेटिंग में सुधार

■ नई दिल्ली (भाषा)।

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की दीर्घावधि जमा रेटिंग की पुष्टि करने के साथ ही पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा की जमा रेटिंग में सुधार किया। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने एक बयान में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के इन सभी बैंकों की लंबी अवधि की रेटिंग का परिदृश्य स्थिर बना हुआ है।

मूडीज ने एसबीआई की दीर्घावधि स्थानीय और विदेशी मुद्रा बैंक जमा रेटिंग को बीएए3 पर बनाए रखा है जबकि बाकी तीनों सार्वजनिक बैंकों की दीर्घावधि जमा रेटिंग में सुधार किया है। उसने कहा, 'एसबीआई की दीर्घकालिक जमा रेटिंग को बीएए3 पर बनाए रखना और बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक एवं पीएनबी की दीर्घकालिक जमा रेटिंग को बीएए1 से उन्नत कर बीएए3 करना भारत के वृहद आर्थिक परिदृश्य में सुधार को दर्शाता है। इससे जरूरत के समय बैंकों को बहुत उच्च स्तर की सरकारी समर्थन की धारणा भी परिलक्षित होती है।' मूडीज की बैंक जमा रेटिंग किसी बैंक की विदेशी एवं घरेलू मुद्रा जमा दायित्वों को समय पर चुकाने की क्षमता को दर्शाती है।

■ रेटिंग एजेंसी मूडीज ने एसबीआई की जमा रेटिंग की पुष्टि करने के साथ ही पीएनबी, केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा की जमा रेटिंग में किया सुधार

■ भारत में ऋण की स्थिति में हुआ सुधार, खुदरा कर्जों का प्रदर्शन भी रहा अच्छा : मूडीज

मूडीज ने कहा कि भारत में ऋण की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ है, खुदरा कर्जों का प्रदर्शन अच्छा हुआ है और कंपनियों की वित्तीय स्थिति भी सुधरी है। हालांकि छोटे और मध्यम आकार की कंपनियां अब भी बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता के लिए जोखिम बनी हुई हैं। मूडीज ने कहा, "भारत की आर्थिक वृद्धि पर बढ़ती दरों और वैश्विक मंदी का असर होगा लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था अन्य उभरते बाजारों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करेगी। इन कारकों से बैंकों के लिए परिचालन माहौल मददगार बना रहेगा।'

रेटिंग एजेंसी को उम्मीद है कि अगले एक-डेढ़ साल में बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता अच्छी बनी रहेगी जिसमें अनुकूल परिचालन परिवेश और कंपनियों के बहीखाते में सुधार से मदद मिलेगी।

बीमा उद्योग को प्रति वर्ष 50000 करोड़ की जरूरत

कारोबारी समूह बीमा क्षेत्र में पूंजी लगाने पर करें विचार : इरडा

■ मुंबई (भाषा)।

बीमा नियामक इरडा के प्रमुख देवाशीष पांडा ने शुक्रवार को कहा कि बीमा उद्योग को अगले पांच वर्षों में अपनी पहुंच को दोगुना करने के लिए प्रति वर्ष 50,000 करोड़ रुपये पूंजी की जरूरत होगी। पांडा ने यहां उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कारोबारी समूहों को बीमा क्षेत्र में पूंजी लगाने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन बीमा कंपनियों के मामले में इक्विटी पर रिटर्न 14 प्रतिशत और साधारण बीमा कंपनियों के लिए 16 प्रतिशत है। शीर्ष पांच बीमा कंपनियों का इक्विटी पर मिलने वाला रिटर्न 20 प्रतिशत तक है।

बीमा क्षेत्र बेहद प्रतिस्पर्धी उद्योग है जिसमें लगभग दो दर्जन जीवन बीमा कंपनियां और 30 से अधिक साधारण बीमा कंपनियां सक्रिय हैं। वित्त वर्ष 2020-21 के अंत तक बीमा की समग्र पहुंच 4.2 प्रतिशत थी। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के प्रमुख पांडा ने कहा, 'अगर हमें इस पहुंच को दोगुना करना है तो हर साल 50,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी डालने की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की मौजूदा वृद्धि दर, मुद्रास्फीति और पहुंच का विश्लेषण करने के बाद अतिरिक्त पूंजी जरूरत का अनुमान लगाया गया है। उन्होंने कहा कि मार्च के बाद वह इस बारे में बीमा कंपनियों के प्रमुखों के साथ चर्चा करेंगे।

■ भारत इस समय बीमा कारोबार में दुनिया का दसवां सबसे बड़ा बाजार

■ वर्ष 2047 तक सभी का बीमा करना संभव

■ अगले पांच वर्षों में बीमा की पहुंच को दोगुना करने का लक्ष्य : देवाशीष पांडा

पांडा ने कहा, 'मैं इस देश में मौजूद कंपनियों और अपना पैसा लगाने की मंशा रखने वाले निवेशकों तक पहुंचना चाहूंगा।' उन्होंने कहा कि लक्ष्य अगले पांच वर्षों में बीमा की पहुंच को दोगुना करना है। उन्होंने आजादी के सौ साल पूरा होने यानी वर्ष 2047 तक सभी का बीमा करने को संभव बताते हुए कहा कि इसके लिए क्रमिक विकास जारी रखना होगा।

पांडा ने कहा कि भारत इस समय बीमा कारोबार में दुनिया का दसवां सबसे बड़ा बाजार है और वर्ष 2032 तक यह छठा सबसे बड़ा बाजार हो जाएगा। इरडा प्रमुख ने कहा, 'हमें बीमा के वितरण के तरीके पर नए सिरे से विचार करना होगा।' उन्होंने बीमाकर्ताओं से लोगों की बदलती जरूरतों के अनुरूप उत्पाद पेश करने पर ध्यान देने को भी कहा।

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 572 अरब डॉलर पर

■ नई दिल्ली (वार्ता)।

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी वृद्धि से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 जनवरी को समाप्त में 10.42 अरब डॉलर बढ़कर 572 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.26 अरब डॉलर घटकर 561.6 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 13 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.1 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 505.5 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 1.11 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 42.9 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 14.7 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 18.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 8.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.2 अरब डॉलर पर हो गई।

निर्यात प्रोत्साहन के लिए बजट में उठाए जाएं कदम : जीटीआरआई

■ नई दिल्ली (भाषा)।

आर्थिक विचार-समूह जीटीआरआई ने कहा है कि आगामी बजट में शुल्कों के त्वरित रिफंड, उलट शुल्क ढांचे के समाधान और डाक एवं कूरियर के जरिये निर्यात को मानक सीमा-शुल्क मंजूरी के समान करने जैसे उपायों की घोषणा से निर्यात को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलेगी।

'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अधिकांश पूर्वानुमानों में वर्ष 2023 को व्यापार के लिए मुश्किल बताया जा रहा है। ऐसी स्थिति में अगले बजट में कुछ ठोस कदमों की घोषणा से निर्यातक समुदाय को मदद मिलेगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश करेंगी।

थिंक टैंक ने निर्यात प्रोत्साहन के लिए पांच उपायों का सुझाव

दिया है। इनमें माल की खेप रवाना होते ही सभी शुल्क रिफंड को निर्यातकों के खाते में भेजना, मेक इन इंडिया को प्रभावित करने वाले उलट शुल्क ढांचे (तैयार उत्पाद की तुलना में इनपुट उत्पादों पर अधिक शुल्क) की घटनाओं को कम करना और सीमा शुल्क से जुड़ी सूचनाओं में सरल भाषा का इस्तेमाल करना शामिल है। इनके अलावा डाक और कूरियर के माध्यम से निर्यातकों मानक सीमा शुल्क मंजूरियों के समान करना और घरेलू बाजार के लिए उत्पाद बनाने को शुल्क-मुक्त मशीनरी आयात की अनुमति नहीं देने का सुझाव भी दिया गया है।

उलट शुल्क ढांचे के तहत उत्पादन में लगने वाले सामान के महंगा होने से तैयार उत्पाद भी महंगा हो जाता है जो उसे निर्यात बाजार की प्रतिस्पर्धा से बाहर कर देता है। वहीं घरेलू बाजार में ऐसे उत्पादों के सस्ते आयात की संभावना रहती है। जीटीआरआई ने कहा है कि बजट में इन उपायों की घोषणा से घरेलू निर्यातकों की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढाने में मदद मिलेगी जिससे देश से निर्यात भी बढ़ेगा। इसके मुताबिक, भारत का वस्तु व्यापार 2022 में 1.1 लाख करोड़ डॉलर से अधिक हो गया।

सेंसेक्स 237 अंक टूटा

मुंबई (भाषा)। घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 237 अंक नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजारों में कमजोर रुख और सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं हिंदुस्तान युनिलीवर के शेयर में गिरावट से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 236.66 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,621.77 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 273.18 अंक तक टूट गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 80.20 अंक की गिरावट के साथ 18,027.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स शेयरों में हिंदुस्तान युनिलीवर, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति सुजुकी, इन्फोसिस और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, आईटीसी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली (भाषा)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिडेट का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 15 प्रतिशत घटकर 15,792 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 15,792 करोड़ रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 18,549 करोड़ रुपये था। कंपनी की आय दिसंबर तिमाही में बढकर 2,20,592 करोड़ रही, जबकि बीते वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 1,91,271 करोड़ रुपये थी।

रिलायंस जियो को 4,638 करोड़ का मुनाफा : देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 28.3 प्रतिशत बढ़कर 4,638 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

भारत को प्रौद्योगिकी का निर्माता बनने पर ध्यान देना चाहिए : राजीव चंद्रशेखर

■ बेंगलुरु (भाषा)।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि केंद्र सरकार भारत को सिर्फ प्रतिभा मुहैया कराने वाला देश ही नहीं बल्कि प्रौद्योगिकी का निर्माता भी बनाना चाहती है। चंद्रशेखर ने बृहस्पतिवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि भारत जिंदगी में व्यापक बदलाव लाने वाली डिजिटल पारिस्थितिकी पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और इसे सिर्फ अवसर पैदा करने वाले एक क्षेत्र के रूप में नहीं देख रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में डिजिटल इंडिया अभियान शुरू करते समय एक दृष्टि और मिशन रखा था कि प्रौद्योगिकी न केवल स्टार्ट-अप के लिए अधिक अवसर पैदा करेगी बल्कि भारतीय नागरिकों के जीवन को बदलने के लिए एक पारिस्थितिकी भी तैयार करेगी। चंद्रशेखर ने कहा, 'प्रधानमंत्री का डिजिटल क्षेत्र और डिजिटल अर्थव्यवस्था पर एक स्पष्ट नजरिया रहा है। वह चाहते हैं कि भारत न केवल प्रतिभा का प्रदाता हो बल्कि प्रौद्योगिकी, उपकरण और उत्पाद का एक उत्पादक भी हो।' उन्होंने कहा कि हर कोई अब इस सपना को हकीकत में बदलते हुए देख सकता है।

■ भारत के पास पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने की गति, पैमाना और वेग है : केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोविड के बाद, भारत के पास पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने की गति, पैमाना और वेग है और केंद्र सरकार की नजर वहां पहुंचने पर टिकी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत अब अवसरों से समृद्ध है। उन्होंने कहा, 'भारत में आईटीईएस कंपनियां सालान 15-20 प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं और स्टार्टअप पारिस्थितिकी, इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र, सेमीकंडक्टर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में वैश्विक क्षमता केंद्र आ रहे हैं।' उन्होंने कहा कि भारत के प्रतिभाओं का एक सस्ता केंद्र होने की संकल्पना धीरे-धीरे बदल रही है।

दवा उद्योग में शोध को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना

■ नागपुर (भाषा)।

केंद्र सरकार देश में जैव प्रौद्योगिकी उत्पादों के शोध एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए शोध आधारित प्रोत्साहन योजना शुरू करेगी। भारत के दवा महानियंत्रक डा. वीजी सोमानी ने शुक्रवार को कहा कि उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की तर्ज पर यह कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

■ भारत के दवा महानियंत्रक के अनुसार सरकार के इस कदम से घरेलू निर्माताओं को मिलेगा प्रोत्साहन

पीएलआई योजना का मकसद घरेलू इकाइयों में विनिर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन देना है। सोमानी ने नागपुर में 72वें भारतीय दवा कांग्रेस के पहले दिन यह बात कही। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में दवा उद्योग, शिक्षा और सामुदायिक फार्मेसी से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार किया जाएगा। इसमें भारत और विदेश के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

भारत की सर्वोच्च दवा नियामक एजेंसी केंद्रीय दवा मानक नियंत्रक संगठन (सीडीएससीओ) के प्रमुख सोमानी ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भारतीय दवा क्षेत्र की उपलब्धियां समाज के लिए एक बड़ा वरदान थीं। उन्होंने कहा, "कोविड-19 की वैक्सीन, दवाएं और निदान विकसित करना कोई सामान्य चुनौती नहीं थी। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रोत्साहन के साथ भारतीय दवा उद्योग ने इस चुनौती को स्वीकार किया और वैक्सीन को सफलतापूर्वक विकसित किया। इसने न सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया के कई अन्य हिस्सों में भी लाखों लोगों की जान बचाई।'

बजट में कुछ और क्षेत्रों के लिए हो सकता है पीएलआई योजना का विस्तार

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार आगामी बजट में खिलौनों, साइकिल, चमड़ा और जूता-चप्पल के विनिर्माण के लिए वित्तीय प्रोत्साहन की घोषणा कर सकती है। सूत्रों का कहना है कि ज्यादा रोजगार वाले क्षेत्रों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का लाभ देने के लिये इसका विस्तार किया जा सकता है।

सरकार पहले ही लगभग दो लाख करोड़ रुपये की पीएलआई योजना वाहन और वाहन कलपुर्जे, बड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, औषधि, कपड़ा, खाद्य उत्पाद, उच्च क्षमता वाले सौर पीवी मॉड्यूल्स, उन्नत रसायन सेल और विशिष्ट इस्पात समेत कुल 14 क्षेत्रों में लागू कर चुकी है।

सूत्रों ने बताया कि योजना का लक्ष्य इन क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माताओं को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी और 'चैंपियन' बनाना है।

पीएलआई योजना को खिलौनों और चमड़ा जैसे विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचाने का प्रस्ताव स्वीकृत होने के अंतिम चरण में है और इसकी संभावना है कि बजट में इसे लाया जा सकता है। एक सूत्र ने बताया कि इस दो लाख करोड़ रुपये में से कुछ राशि बची है। इसे अन्य क्षेत्रों में लगाने पर विचार किया जा सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आम बजट एक फरवरी को पेश करेंगी।

पुरानी पेंशन की बहाली को आंदोलन की ओर बढ़े केंद्रीय कर्मचारी

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्रीय कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन की राह पकड़ ली है। इन केंद्रीय कर्मचारियों के साथ विभिन्न राज्यों के कर्मचारी, शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी संगठन जुड़ गए हैं। इन्होंने अगले तीन सौ दिनों का अल्टीमेंटम केंद्र सरकार को दिया है। इसके बाद आंदोलन को देशव्यापी बनाया जाएगा। इसके तहत भारत बंद और हड़ताल तक की जाएगी। निरंतर आंदोलन चलाये जाने के लिए शनिवार को यहां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें अगले तीन सौ दिनो तक निरंतर चलने वाले आंदोलन की रूपरेखा तय होगी।

■ केंद्र को तीन सौ दिनों का अल्टीमेंटम

यह ऐलान शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन के महामंत्री एवं 36 लाख केंद्रीय कर्मचारियों की अगुवाई करने वाले एनसीजेसीएम (कर्मचारी पक्ष) के सचिव शिवगोपाल मिश्र ने किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर खामोश नहीं बैठने वाले हैं। केंद्र सरकार ने अगले आम चुनाव में जाने के लिए 400 शेष दिनों को गिनने लगी है लेकिन केंद्रीय एवं राज्य कर्मचारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ 300 दिनों का लक्ष्य तय किया है। इस अवधि में निरंतर आंदोलन कर पुरानी पेंशन योजना को हरहाल में बहाल कराया जाएगा। इस बार केंद्रीय और राज्य कर्मचारियों की शक्ति का प्रदर्शन गांव-गांव तक होगा और आम चुनाव में केंद्रीय कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को वोट निर्णायक बनेगा।

मेरी अयोध्या मेरा रघुवंश पुस्तक का विमोचन

लखनऊ, (ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजीव आचार्य द्वारा रचित पुस्तक मेरी अयोध्या मेरा रघुवंश का विमोचन किया। यहां राजभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में राज्यपाल ने राजीव आचार्य द्वारा रचित पुस्तक ''मेरी अयोध्या मेरा रघुवंश'' का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन ने पुस्तक की लोकप्रियता के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि अपने धार्मिक संदर्भों के चलते यह सुधि पाठकों के लिए संग्रहणीय होगी। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक के साथ डर्मेटोग्लाइफिक्स श्रीमती सुरभि, अपर आयुक्त ग्रेटर शारदा, बांदा एवं शाहजहांपुर से आए जनप्रतिनिधि तथा राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जोशीमठ में प्रभावित भवनों की संख्या 863 हुई

चमोली, (एजेंसी)। उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ नगर क्षेत्र में भू-धंसाव के कारण नौ वार्डों में 863 भवनों में दरारें पायी गयी हैं जिनमें से 181 भवनों को असुरक्षित जोन के तहत रखा गया है।जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चमोली द्वारा जारी दैनिक रिपोर्ट के अनुसार जोशीमठ नगर क्षेत्र के 9 वार्ड में 863 भवन प्रभावित हुए है। इनमें से 181 भवन ऐसे हैं जिनको असुरक्षित जोन के अंतर्गत रखा गया है। सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन की ओर से अबतक 269 परिवारों के 900 सदस्यों को विभिन्न सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी रूप से विस्थापित किया गया है।

अभिनेत्री संभावना सेठ आप में शामिल हुई

नई दिल्ली, (एजेंसी)। संभावना सेठ का नाम आपने कभी ना कभी जरूर सुना होगा जो एक चर्चित एक्ट्रेस हैं। रियलिटी टीवी स्टार और व्लॉगर संभावना सेठ एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार राजनीति को लेकर। दरअसल मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को उन्होंने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। संभावना सेठ के पार्टी में शामिल होने की एक खबर को री-ट्वीट करके आप सांसद संजय सिंह ने खबर पर मुहर लगाई है। यहां चर्चा कर दें कि एक्ट्रेस संभावना सेठ कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। साथ ही वह बिग बॉस में प्रतियोगी भी रही हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी यानी आप के ऑफिस में संभावना को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई है।

वाणिज्य प्रबंधक ने प्रयागराज स्टेशन का किया निरीक्षण

प्रयागराज, (ब्यूरो)। प्रयागराज मंडल ने रेल यात्रियों को बेहतर यात्री सुविधा उपलब्ध कराने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-हिमांशु शुक्ला ने प्रयागराज स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों पर स्थित कैटरिंग स्टालों पर निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनसे 20,500 रुपए जुर्माना वसूला गया। निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म संख्या एक पर स्थित आईआरसीटीसी के मैसर्स सोपान रेस्टोरेंट के भोजनालय में पाई गई अनियमितता के संबंध में रुपया 25000 का जुर्माना अनुशंसित किया गया।

पाक में इमरान की पार्टी के 35 विकेट और गिरे

इस्लामाबाद, (एजेंसी)। पाकिस्तान की राष्ट्रीय संसद के अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 35 और सांसदों का इस्तीफा शुक्रवार को मंजूर कर लिया। इससे कुछ दिन पहले पीटीआई के 30 से अधिक सांसदों का इस्तीफा स्वीकार किया गया था। पिछले साल अप्रैल में पीटीआई प्रमुख इमरान खान को अपदस्थ किए जाने के बाद पीटीआई सांसदों ने संसद के निचले सदन से सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया था। आठ महीने तक प्रक्रिया को टाले रखने के बाद उन्होंने मंगलवार को 34 पीटीआई, एमएनए और अवामी मुस्लिम लीग के प्रमुख शेख राशिद का इस्तीफा स्वीकार किया।

आज का इतिहास

- **1919:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ तथा पंजाब के मुख्यमंत्री हरचरण सिंह बराड़ का जन्म।
- **1943:** उड़िया भाषा की प्रसिद्ध लेखिका प्रतिभा राय का जन्म।
- **1958:** कॉपीराइट अधिनियम लागू किया गया।
- **1972:** मणिपुर मेघालय और त्रिपुरा राज्य का स्थापना दिवस।
- **1981:** तेहरान में अमेरिकी दूतावास में बंधक बनाए गए सभी लोगों को छुड़ाया।
- **1986:** भारतीय फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का जन्म।
- **1996:** इंडोनेशिया के सुमात्रा तट के पास यात्रियों से भरी नाव डूबने से लगभग 340 लोगों की मौत।
- **2000:** एशिया के प्रथम 'स्लिट लिवर' का प्रत्यारोपण हांगकांग में हुआ।
- **2003:** चालक रहित अमेरिकी टोही विमान पाकिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त।

आईएनएस वागीर

भारतीय नौसेना को 23 जनवरी को आईएनएस वागीर अटैक सबमरीन मिल जाएगी। यह कलवारी क्लास के पहले बैच की छह पनडुब्बियों में से एक है। इसे रक्षा एक्सपर्ट साइलेंट किलर शार्क कह रहे हैं। यह चकमा देकर हमला करने में माहिर है। समुद्र में जब यह गोता लगाएगी तो दुश्मन को इसका पता भी नहीं चलेगा। आईएनएस वागीर समंदर के अंदर बारूदी सुरंग बिछाने में सक्षम है। दुश्मन की रूह कांपेगी। क्योंकि ये खतरनाक मिसाइलों और टॉरपीडो से लैस होगी।

श्रीलंका को हमने सबसे पहले दी मदद

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- पड़ोसियों को सबसे पहले रखना भारत की प्राथमिकता

कोलंबो। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर श्रीलंका के दो दिवसीय दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को उन्होंने श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रम सिंघे और विदेश मंत्री अली साबरी समेत कई नेताओं से मुलाकात की। ने श्रीलंका को बुरे समय में अकेला न छोड़ने की बात कही है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी प्राथमिकता में पड़ोसियों को सबसे पहले रखता है। श्रीलंका की आर्थिक हालत सुधारने के लिए भारत ने दूसरों का इंतजार किए बिना ही उचित कदम उठाए। साथ ही, उन्होंने श्रीलंका सरकार से भारतीय मूल के तमिल समुदाय के लोगों की जरूरतों पर विशेष ध्यान देने के लिए भी कहा।

आईएमएफ से फंड लेने में श्रीलंका की मदद कर रहा भारत- श्रीलंका इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) से 2.9 बिलियन डॉलर का बेलआउट पैकेज लेने की कोशिश कर रहा है। इसके लिए श्रीलंका को कर्ज देने वाले 3 बड़े देशों- भारत, चीन व जापान का आईएमएफ को वित्तीय आश्वासन देना जरूरी है। भारत ने सबसे पहले 16 जनवरी को आईएमएफ को लिखित में वित्तीय आश्वसन दिया है, ताकि श्रीलंका को आईएमएफ से मदद मिल सके। जयशंकर ने दूसरे कर्जदाताओं से भी श्रीलंका की मदद करने के लिए कहा है।

जयशंकर ने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को पीएम मोदी की तरफ से भारत आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि भारत एक विश्वसनीय और भरोसेमंद साथी है। जरूरत पड़ने पर वह श्रीलंका के साथ एक मील ज्यादा चलने के लिए तैयार है।

विदेशमंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की ।

पिछले साल की थी 4 बिलियन डॉलर की मदद

पिछले साल श्रीलंका ने अपने इतिहास के सबसे बड़े आर्थिक संकट का सामना किया था। तब भारत ने श्रीलंका की 4 बिलियन डॉलर से ज्यादा की आर्थिक मदद की थी। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने इस मदद के लिए भारत को धन्यवाद दिया है। साबरी ने कहा कि भारत की मदद से ही श्रीलंका थोड़ा-बहुत वित्तीय संतुलन हासिल कर पाया था।

जातिगत जनगणना पर नहीं दे सकते निर्देश

सुप्रीम कोर्ट का याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट से बिहार सरकार को बड़ी राहत मिली है। बिहार सरकार द्वारा पूरे राज्य में जाति आधारित जनगणना कराने के फैसले के खिलाफ लगी याचिकाओं पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को संबंधित उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने और कानून के अनुसार, उचित उपाय खोजने की स्वतंत्रता है। इसी के साथ अब बिहार में जातिगत जनगणना कराना जारी रह सकेगा।

हाई कोर्ट जाने की सलाह- जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि याचिकाएं विचार करने योग्य नहीं है और याचिकाकर्ताओं को संबंधित उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की स्वतंत्रता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह एक प्रचार हित याचिका है। किसे कितना आरक्षण दें, ये हम नहीं तय करेंगे। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि हम विशेष जाति को कितना आरक्षण दिया जाना चाहिए, इस बारे में निर्देश कैसे जारी कर सकते हैं। जजों ने कहा कि हम इस तरह के निर्देश जारी नहीं कर सकते हैं और इन याचिकाओं पर विचार नहीं कर सकते हैं।

कोर्ट ने उचित उपाय खोजने को कहा

शीर्ष अदालत ने एक एनजीओ और अन्य द्वारा दायर तीन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता उचित उपाय के लिए पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं। पीठ ने आदेश दिया कि सभी याचिकाओं को वापस ले लिया गया मानकर खारिज किया जाता है और कानून में उचित उपाय खोजने की स्वतंत्रता दी जाती है। बता दें कि 11 जनवरी को शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह इस मामले को 20 जनवरी को सुनेगी, क्योंकि याचिकाकर्ताओं में से एक ने मामले की तत्काल लिस्टिंग का उल्लेख किया था।

भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर में

फारूक ने राहुल की शंकराचार्य से तुलना की

जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने राहुल गांधी की तुलना आदि शंकराचार्य से की है। उन्होंने कहा कि वह शंकराचार्य के बाद कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक यात्रा निकालने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। अब्दुल्ला ने ये भी कहा कि ये राम और गांधी का देश है। भारत जोड़ो यात्रा ने गुरुवार शाम को जम्मू में एंट्री ली, आज दूसरा दिन है। फारूक ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य नफरत के खिलाफ देश को एकजुट करना है। भारत में नफरत पैदा की जा रही है और धर्मों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा, गांधी और राम का भारत वह था जहां हम सब एक थे। यह यात्रा भारत को एक करने का प्रयास कर रही है। इसके दुश्मन भारत, मानवता और लोगों के दुश्मन हैं। 7 सितंबर 2022 को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा 19 जनवरी 2023 को जम्मू-कश्मीर पहुंची। 125 दिन में राहुल देश के 13 राज्यों से गुजरे। जम्मू-कश्मीर में वे 9 दिन रहेंगे। यात्रा 30 जनवरी को खत्म होगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि, भारत जोड़ो यात्रा पूरी तरह सुरक्षित है।

कांग्रेस के बिना मजबूत विपक्ष नहीं बन सकता

हैदराबाद, (एजेंसी)। तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति ने खम्मम में एक जनसभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की अध्यक्षता में बैठक हुई।

तारिक अनवर ने कहा

बैठक के बाद कांग्रेस के महासचिव तारिक अनवर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के बिना भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए एक मजबूत विपक्ष तैयार नहीं हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि देश में तीसरे मोर्चे की कोई जरूरत नहीं है। केवल देश में भाजपा विरोधी मोर्चा ही हो सकता है। इन परिस्थितियों में अगर कोई अलग से एक समूह बनाने की कोशिश करता है, तो मैं समझता हूं कि इससे विपक्ष कमजोर होगा। केसीआर पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि जब साल 2014 में केसीआर सत्ता में आए तब तेलांगाना में दस हजार करोड़ रूपये का राजस्व अधिशेष था जो कि अब बढ़कर 5 लाख राजस्व अधिशेष पहुंच चुका है।

जज अपॉइंटमेंट पर केंद्र का ऐतराज

नई दिल्ली ■ एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट का जवाब, कहा-सरकार की नीतियों की आलोचना प्रमोशन रोकने का आधार नहीं

जजों की नियुक्ति को लेकर केंद्र और न्यायपालिका में टकराव के बीच सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने बड़ा कदम उठाया है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपने वेबसाइट पर तीन लेटर जारी कर वकील सौरभ कृपाल, सोमशेखर सुंदरेशन और आर जॉन सत्यन की पदोन्नति पर केंद्र और रॉ-आईबी की आपत्तियों का खंडन किया है।

साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मसले पर केंद्र की आपत्तियों का जवाब भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की ओर से तीनों वकीलों को जज बनाने की मंजूरी न देने के फैसले को गलत बताया। कोर्ट ने कहा कि सरकारी योजनाओं की आलोचना किसी वकील का प्रमोशन रोकने का आधार नहीं है। दिल्ली हाई कोर्ट में वकील सौरभ कृपाल के नाम पर केंद्र की आपत्ति के जवाब में कहा कि जज के रूप में कृपाल की नियुक्ति का प्रस्ताव पांच साल से ज्यादा समय से लंबित है।

अब इस प्रोसेस को जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। केंद्र ने सुंदरेशन के नाम पर आपत्ति जताने की वजह सरकार की नीतियों का अलोचना करना बताया था। केंद्र ने कहा कि ये कई मुद्दों पर अपना रुख जताते हैं। वहीं, सत्येन के दो वॉट्सऐप मैसेज फॉरवर्ड को लेकर केंद्र को आपत्ति थी। वहीं, कृपाल के विदेशी समलैंगिक पार्टनर को लेकर रॉ की आपत्तियों का जिक्र करते हुए उनके नाम पर मंजूरी देने से इनकार कर दिया था।

माघ मेला मौनी अमावस्या पर विशेष तैयारियां

प्रयागराज, (ब्यूरो)। रेल प्रशासन ने माघ मेला 2023 के अवसर पर मौनी अमावस्या पर आये श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज जंक्शन पर समुचित उपाय करते हुए स्टेशन को पूर्णतः सुरक्षित बनाया गया है जिससे उन्हें किसी तरह की कोई असुविधा न हो 7 प्रयागराज स्टेशन पर मूलभूत सुविधा युक्त 4 यात्री आश्रय हैं।

प्रयागराज मंडल ने स्टेशन को सुरक्षित बनाया

प्रयागराज स्टेशन पर लगभग 10000 यात्रियों के रुकने की व्यवस्था है। प्रत्येक आश्रय में पूछ ताछ काउंटर, अनारक्षित टिकट काउंटर, ट्रेन टाइमिंग डिस्प्ले बोर्ड, एनाउन्समेंट प्रणाली, पीने का पानी, प्रकाश और शौचालय की व्यवस्था की गई है जिससे यात्रियों को कोई असुविधा न हो । यात्रियों की सुरक्षा हेतु प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर कैमरे लगाये गए है। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा हेतु प्रयागराज जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवानों को तैनात किया गया है।

त्रिपुरा में कांग्रेस रैली पर हुए हमले में चुनाव आयोग सख्त

नई दिल्ली, (एजेंसी)। पश्चिम त्रिपुरा में कांग्रेस के राज्य प्रभारी पर हमले की घटना पर भारत निर्वाचन आयोग ने कार्रवाई की है। भारत निर्वाचन आयोग ने कार्रवाई करते हुए कई अधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश जारी किया है। आयोग ने जिरानिया अनुमंडल के एसडीपीओ को तत्काल निलंबित करने और हटाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा रानी बाजार थाने के प्रभारी अधिकारी और जिरानिया के थाना प्रभारी को तत्काल हटाने का निर्देश दिया है।

एसडीओपी को निलंबित और थाना प्रभारी को हटाने के निर्देश

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम त्रिपुरा में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी डॉ. अजय कुमार पर कथित हमले की शिकायत का संज्ञान लेते हुए तीन विशेष पर्यवेक्षकों को स्थिति का जायजा लेने भेजा है तथा साथ ही राज्य सरकार से भी रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने इस शिकायत पर कार्यवाही करते हुए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से यह स्पष्ट करने को कहा है।

बोनट पर युवक को लटकाकर कार दौड़ाती रही महिला

बेंगलुरु, (एजेंसी)। बेंगलुरु में एक महिला ने कार के बोनट पर एक युवक को लटकाकर कार को करीब एक किलोमीटर तक दौड़ाया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया गया है।

दोनों की कार टकराने के बाद हुआ विवाद: यह घटना ज्ञान भारती नगर इलाके की है, लेकिन कब की है यह स्पष्ट नहीं है। वीडियो में नजर आ रहा है कि टाटा नेक्सन और मारुति स्विफ्ट कार एक-दूसरे से टकरा गई। टाटा नेक्सन को प्रियंका नाम की महिला चला रही थी। स्विफ्ट कार को दर्शन चला रहा था। कार की टक्कर के बाद दोनों में कहासुनी हुई।

महिला ने युवक को बीच वाली उंगली दिखाते हुए अश्लील इशारे किए। इसके बाद वह भागने लगी, तभी दर्शन उसे रोकने के लिए आगे आ गया, लेकिन महिला ने कार से उसे टक्कर मार दी। अपनी जान बचाने के लिए दर्शन कार के बोनट पर चढ़ गया। आरोपी महिला रुकी नहीं, बल्कि कार को और रफ्तार में चलाने लगी।

बलिदान स्तंभ पर अर्पित की श्रद्धांजलि

जम्मू, (एजेंसी)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शुक्रवार को राइजिंग स्टार कोर के टाइगर डिवीजन में बलिदान स्तंभ युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री भट्ट ने बलिदान स्तंभ पर आयोजित समारोह में बहादुरों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य मंत्री अजय भट्ट को टाइगर डिवीजन की परिचालन तैयारियों की जानकारी प्रदान की गई। बाद में उन्होंने टाइगर डिवीजन के सैनिकों से बातचीत की और देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने और कर्तव्य के प्रति दक्षता की सराहना की।

दावोस में देखा गया भारतीय अर्थव्यवस्था का दम

नई दिल्ली, (एजेंसी)। स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक चल रही थी। यह बैठक शुक्रवार को खत्म हो गई है। पांच दिन चली इस बैठक में भारत ने अपना दमखम दिखाया है। फोरम में भारत की अर्थव्यवस्था की खूब चर्चा हुई है। मंदी की आहट के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी देखी जा रही है। पांच दिन चली इस बैठक में जलवायु, युद्ध और आर्थिक मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। साल 2023 में, जैसा कि वैश्विक मंदी की आशंका बनी हुई है। देश को किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व बैंक संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए केवल 0.5 फीसदी और चीन के लिए 4.3 फीसदी की तुलना में 6.6 फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगा रहा है। अगर भारत अपनी गति को बनाए रख सकता है, तो भारत 2026 में जर्मनी को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में पीछे छोड़ देगा। साल 2032 में जापान को नंबर तीन स्थान से पछाड़ देगा और 2035 तक 10 ट्रिलियन डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ केवल तीसरा देश बन जाएगा।

भारत 2026 में बन सकता है चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

51 दिवसीय यात्रा | **दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज में स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटक**

गंगा विलास क्रूज पहुंचा साहिबगंज

रांची, (एजेंसी)) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 जनवरी को दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज-एमवी गंगा विलास को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद, उत्तर प्रदेश और बिहार की यात्रा करने उपरांत आज शाम झारखंड के साहिबगंज जिला स्थित समदा घाट पहुंचा।

इस अवसर पर कौतूहल वश बड़ी संख्या में स्थानीय समदा घाट पर इस विशाल क्रूज को देखने पहुंच गए। सैलानियों के भव्य स्वागत के लिए प्रशासन ने अपनी तैयारियां कर रखी हैं। उसकी तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेला तथा भ्रमण की योजना बनाई गई है, हालांकि यह पर्यटकों से पूछकर ही उनकी सुविधानुसार किया जाएगा। एमवी गंगा विलास उत्तर प्रदेश के वाराणसी से यात्रा शुरू कर अपने 51 दिनों के लंबे सफर में लगभग 3,200 किलोमीटर की यात्रा करके भारत और बांग्लादेश में 27 नदी प्रणालियों को पार करते हुए बांग्लादेश के रास्ते असम के डिब्रूगढ़ तक पहुंचेगा। इस क्रूज में सभी लक्जरी सुविधाओं के साथ तीन डेक, 36 पर्यटकों की क्षमता वाले 18 सुइट हैं। पहली यात्रा में गंगा विलास में स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटक पूरी यात्रा के लिए जा रहे हैं। विश्व धरोहर स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों, नदी घाटों और बिहार में पटना, झारखंड में साहिबगंज, पश्चिम बंगाल में कोलकाता, बांग्लादेश में ढाका और असम में गुवाहाटी जैसे प्रमुख शहरों सहित 50 पर्यटन स्थलों की क्रूज की 51 दिनों की यात्रा की योजना बनाई गई है। यह यात्रा पर्यटकों को लगातार एक शानदार अनुभव दे रही है।



अमेरिका में हजारों उड़ानें थमने के पीछे कर्मचारी की गलती

वाशिंगटन, (एजेंसी)। अमेरिका में 11 जनवरी को सभी उड़ान सेवाएं ठप होने के पीछे का कारण सामने आ गया है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने जानकारी दी है कि एक कर्मचारी ने अनजाने में कुछ जरूरी फाइल्स डिलीट कर दी थीं। इससे एक जरूरी कम्प्यूटर सिस्टम ने काम करना बंद कर दिया था और 11 हजार से ज्यादा फ्लाइट्स प्रभावित हुई थीं। एफएए की शुरुआती जांच में किसी साइबर अटैक या साजिश के सबूत नहीं मिले हैं।

सरकार बोली- अनजाने में जरूरी फाइलें डिलीट कीं

घटना के वक्त कर्मचारी प्राइमरी डेटा और बैकअप डेटा पर काम कर रहे थे। पिछले हफ्ते, 120 से ज्यादा अमेरिकी सांसदों ने एफएए से कहा था कि कम्प्यूटर में खराबी की वजह से एयर ट्रैफिक ठप होने को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने एजेंसी से पूछा था कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा ना हो, इसके लिए वे क्या कर रहे हैं।

जिनपिंग ने युद्ध तैयारियों के बारे में सैनिकों से पूछा

बीजिंग, (एजेंसी)। भारत और चीन के बीच एलएसी में तनाव जारी है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर तैनात सैनिकों से वीडियो कॉन्फ्रेंस से बातचीत की. उन्होंने उनकी युद्ध तैयारियों का जायजा लिया। शी ने यहां पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) मुख्यालय से शिनजियांग सैन्य कमान के तहत खंजराब में सीमा पर तैनात सैनिकों को संबोधित किया। आपको बता दें कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और पीएलए के प्रमुख भी हैं।

ये टिप्स जो आपके फिजिकल रिलेशन को बना सकती हैं

स्पाइसअप

ये **मायने** नहीं करता है कि आपकी उम्र कितनी हैं। आप तजरबा कितना है। महिलाओं को सेक्स लाइफ को स्पाइसअप करने के लिए कभी-कभी मदद की जरूरत पड़ती है। हेल्दी सेक्स लाइफ के लिए महिलाएं कुछ टिप्स फॉलो कर सकती हैं। इन्हें फॉलो करने से आपको अपनी सेक्स लाइफ को स्पाइसअप करने में मदद मिलेगी। आपका सेक्सुअल कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। इन टिप्स की मदद से आप अपने पार्टनर के साथ बेहतर तरीके से कनेक्ट कर पाएंगी। आइए जानें वो कौन से टिप्स हैं जो महिलाओं को जरूर फॉलो करनी चाहिए।

अपने बॉडी के बारे में जानें- सेल्फ-प्लेजर एक ऐसी चीज हैं जिससे आप अपने बारे में जान पाएंगे। जानें सेल्फ-प्लेजर के दौरान आपको सबसे ज्यादा क्या पसंद आता है। इसके बाद अपने पार्टनर से इस बारे में बात करें। इससे वे जान पाएंगे आप फिजिकल रिलेशन के बारे में सबसे ज्यादा क्या चीज पसंद करती हैं।

टर्न ऑन करने वाली चीजें

ये सबसे जरूरी चीज है। आपको ये पता होना चाहिए कि आपके टर्न ऑन पॉइंट्स कौन से हैं। वो कौन से चीजें हैं जिससे आपकी एक्साइटमेंट फिजिकल रिलेशन बनाने के लिए बढ़ती है। अब ये स्पर्श, आदत और जेस्चर भी हो सकता है। इसलिए खुद को नोटिस करना सीखें।

बातचीत करें

एक बेहतर सेक्स लाइफ के लिए सबसे जरूरी चीज बातचीत है। अपने पार्टनर के साथ बातें जरूर करें। बेड पर जाने से पहले रोमांटिक बात करें। पार्टनर को जानने की कोशिश करें। इससे आपका सेक्सुअल कॉन्फिडेंस बढ़ता है। अपने पार्टनर से बात करने में हिचकिचाएं नहीं। उन्हें बताएं कि आपको फिजिकल रिलेशन बनाते समय क्या अच्छा लगता है और क्या बुरा लगता है।

एक्सरसाइज

रोजाना एक्सरसाइज जरूर करें। इससे आपको सेक्स ड्राइव को बढ़ाने में मदद मिलेगी। ये हर महिला के लिए बहुत ही जरूरी है।

स्ट्रांग इमोशनल इंटिमेसी

पार्टनर के साथ स्ट्रांग इमोशनल इंटिमेसी बहुत जरूरी है। ये बेहतर सेक्स लाइफ के लिए बहुत ही जरूरी है। लेकिन आप एक टॉक्सिक और नेगेटिव रिलेशन में हैं तो ये आपकी सेक्स लाइफ को बर्बाद कर सकता है।

ओपन फॉर चेंज

बहुत से कपल्स फिजिकल रिलेशन बनाने के दौरान हमेशा एक ही चीज को दोहराते हैं। ये आपकी सेक्स लाइफ पर भारी पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी कि आप चीजों को स्पाइसअप करें। सेक्स सेक्शन को इंजॉय करने के नए तरीकों की तलाश करें।

सर्दियों में सेहतमंद रहने के लिए गर्भवती

महिलाएं जरूर खाएं ये चीजें

गर्भावस्था हर महिला के लिए एक अहम पल होता है। इस दौरान महिलाओं को अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखना चाहिए। लापरवाही बरतने से बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास पर असर पड़ता है। इसके लिए गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार का सेवन और हल्की-फुल्की एक्सरसाइज करनी चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो सर्दियों में सेहतमंद रहने के लिए गर्भवती महिलाओं को आवश्यक पोषक तत्वों की जरूरत पड़ती है। इसके लिए डाइट में इन चीजों को शामिल कर सकती हैं।

दही खाएं

गर्भावस्था के दौरान महिलाएं दही का सेवन अवश्य करें। इसमें प्रचुर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है। इससे बच्चे का शारीरिक विकास सही से होता है। इसके अलावा, दही में गुड बैक्टीरिया होता है। इससे हाजमा दुरुस्त रहता है। दही खाने से गर्भावस्था के दौरान होने वाली कब्ज की समस्या दूर होती है।

मटर खाएं

गर्भवती महिलाएं अपने आहार में हरी मटर को भी जरूर शामिल करें। इसमें आवश्यक पोषक तत्व फोलिक एसिड पाया जाता है, जो गर्भावस्था के दौरान बच्चों में होने वाली मस्तिष्क और रीढ़ की समस्याओं को दूर करने में सहायक होता है।

मेथी का साग खाएं

गर्भवती महिलाओं में आयरन की कमी होती है। इससे एनीमिया रोग का खतरा बढ़ जाता है। एनीमिया रोग से बचाव के लिए सर्दियों में मेथी के साग जरूर खाएं। इसमें पर्याप्त मात्रा में विटामिन-सी, फाइबर, प्रोटीन और आयरन पाया जाता है। इसके लिए सर्दियों में मेथी के साग का सेवन अवश्य करें।

शकरकंद खाएं

इसके सेवन से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। इसमेंआवश्यक कार्बोहाइड्रेट और विटामिन-ए भी पाया जाता है, जो त्वचा और आंखों के लिए फायदेमंद होता है **फैटी फिश खाएं**

गर्भवती महिलाएं बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए फैटी फिश का सेवन अवश्य करें। इसमें आवश्यक पोषक तत्व ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है। ये आवश्यक पोषक तत्व बच्चों के मस्तिष्क और आंखों के विकास क लिए फायदेमंद होता है।

क्या होता है ट्रांजिशन रूटीन और सर्द मौसम में यह

क्यों है जरूरी

सर्दियों के दौरान अधिक मॉयस्चराइजिंग क्लेंजर का इस्तेमाल करें, जो रूखी त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करता है। यह ठंड के मौसम के हानिकारक प्रभावों से त्वचा की रक्षा और मदद करने के लिए स्किन में एक बैरियर के रूप में काम करता है।

यह त्वचा को टाइट बनाता है और इसे ड्राई महसूस किए बिना डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने में भी मदद करता है।

स्किन को साफ और जमा गंदगी को हटाने के लिए सुबह और रात को फेस को अच्छी तरह साफ करें। स्किन की नेचुरल सेल टर्नओवर प्रक्रिया ऊपरी नैचरल लेयर पर गंदगी जमा कर देती है, जिसे किसी भी स्किन केयर प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल करने से पहले हटाने की आवश्यकता होती है क्योंकि यह त्वचा में प्रवेश करने वाले प्रमुख इंग्रीडिएंट्स को प्रभावित करता है।

-इस मौसम में गर्म और तेज हवाओं के संपर्क में आने से त्वचा रूखी हो सकती है, इसलिए अपनी त्वचा को हमेशा हाइड्रेट रखें।

-रेटिनॉल स्किन को कोमल और चमकदार बनाने के लिए बहुत अच्छा रहता है। अपनी त्वचा पर रेटिनॉल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

-सबसे बड़ी गलती जो हम अकसर करते हैं, वह है सर्दियों में एक अच्छे एसपीएफ वाले सनस्क्रीन का न इस्तेमाल करना। हमारी स्किन साल भर यूवी किरणों से ग्रस्त होती है।

-लिप मॉयस्चराइजर और आई क्रीम का इस्तेमाल करें। सर्दियों के मौसम में अपनी स्किन के प्रोटेक्टिव बैरियर को हाइड्रेट रखने के लिए बॉडी बटर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

क्या आप जानते हैं?

21 जनवरी का इतिहास

-**लिफाफे** मोड़ने वाली मशीन का पेटेंट रसेल हावेस ने 1853 में करवाया था।

-1865 में आज ही के दिन पहली बार एक तेल के कुएं को तारपीडो से ड्रिल किया गया था।

-ब्रिटेन में 1924 में पहली बार लेबर पार्टी की सरकार बनी जिसमें रैक्जे मैक्डोनाल्ड बने प्रधानमंत्री।

-अल्बानिया ने खुद को 1925 में गणराज्य घोषित किया।

-कॉपीराइट अधिनियम 1958 को लागू किया गया।

-असम का नेफा क्षेत्र (नार्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी) 1972 में केन्द्र शासित अरुणाचल प्रदेश बना।

-1981 को तेहरान में अमेरिकी दूतावास में बंधक बनाए गए सभी लोगों को छुड़ाया गया।

-इंडोनेशिया के सुमात्रा तट के पास 1996 में यात्रियों से भरी नाव डूबने से लगभग 400 लोगों की मृत्यु हुई।

-हांगकांग में सन 2000 में एशिया के प्रथम 'स्लिट लिवर' का प्रत्यारोपण हुआ।

-चालक रहित अमेरिकी टोही विमान 2003 में पाकिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त।

-भारत ने 2008 में इस्त्रायल का एक जासूसी सैटेलाइट का प्रक्षेपण कर उसे सफलतापूर्वक पोलर आर्बिट में स्थापित किया।

-वर्ष 2007 का 'हाल आफ फ़ेम अवार्ड' की लिस्ट में 2008 को पूर्व क्रिकेटर इमरान खान और पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ का नाम शामिल किया गया।

-कर्नाटक के बीदर में 2009 को वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सूर्यकिरण दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

पीते हैं गर्म पानी तो हो जायं सावधान

सर्दियों में गर्म पानी पीने से गले, नाक और चेस्ट को रिलीफ मिलता है। पर क्या आप जानते हैं कि ये गर्म पानी का सेवन भी

सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। अब आप सोच रहे होंगे कि भला गर्म पानी से कैसा नुकसान हद से ज्यादा गर्म और इसका अधिक सेवन हमारे लिए जहर के समान है। हमारे शरीर के अंदरूनी अंगों को खासा नुकसान पहुंचाता है। चलिए आपको बताते हैं इससे होने वाले नुकसानों के बारे में-

डैमेज होते हैं स्किन टिश्यू

स्टाइलक्रेज की खबर के मुताबिक अगर हम ज्यादा गर्म पानी का सेवन करते हैं तो इससे स्किन के टिश्यू को नुकसान झेलना पड़ सकता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इसके कारण स्किन के अंदरूनी अंग जल सकते हैं। एक 60 के इंसान ने गर्म पानी का ज्यादा सेवन किया और इस वजह से उसका सांस लेने का तंत्र ब्लॉक हो गया।

पानी का सोर्स

पानी को अगर गर्म किया जाए तो वह मैटेलिक कणों के टच में आता है। गर्म पानी में ये कण जल्दी घुल जाते हैं, इसलिए अपने सप्लाई वाले पानी में कॉन्टेमिनेशन को चेक करते रहें। एक्सपर्ट्स का मानना है कि पानी को हमेशा स्टील के बर्तन में ही गर्म करना चाहिए और पीना चाहिए।

इन बातों का रखें ध्यान

पीने के पानी को उबालने से बचे क्योंकि अगर आप इसे ऐसे ही पीते हैं तो इससे जीभ या मुंह जल सकता है।

कहा जाता है कि गर्म पानी में ठंडा पानी मिलाकर पीने के भी नुकसान हैं। इसलिए पानी को इतना ही गर्म करें कि वह सीधे पीने लायक हो।

सर्दी में त्वचा को इन तरीकों से रखें हाइड्रेट

कड़ाके की ठंड का मौसम आपकी त्वचा पर भारी पड़ सकता है। यह आपकी त्वचा को शुष्क, परतदार और फटा हुआ और यहां तक कि सूजन भी बना सकता है। साथ ही इन समस्याओं से निपटने के लिए आप ऐसे लोशन, क्रीम और सनस्क्रीन लगाएं जो आपकी त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर सकते हैं। यही कारण है कि विशेष रूप से सर्दियों के दौरान आपकी त्वचा की सांस लेने की आवश्यकता को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है। यदि आप सही वस्तुओं का उपयोग कर रहे हैं तो दैनिक त्वचा देखभाल उत्पादों और सौंदर्य प्रसाधनों में बहुत अधिक समस्याएं नहीं होनी चाहिए। हालांकि, कभी-कभी आपकी त्वचा को सांस लेने की इजाजत देना बिल्कुल फायदेमंद होता है। आपकी त्वचा वास्तव में सांस नहीं लेती है। रक्त में ऑक्सीजन इसे पोषण प्रदान करती है। जब कोई कहता है कि वे अपने छिद्रों को उत्पाद निर्माण से विराम देना चाहते हैं, तो वे अक्सर अपनी त्वचा को सांस लेने की बात करते हैं। यदि आप कभी-कभी अपनी त्वचा को सांस लेने नहीं देते हैं, तो आपको अपनी त्वचा के स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक कुछ भी अनुभव नहीं होगा। लेकिन आप अधिक मुँहासे, चिकना या शुष्क त्वचा, और इससे भी अधिक झुर्रियां जैसी त्वचा संबंधी समस्याओं को बढ़ा सकते हैं। जब त्वचा के छिद्र कम बंद होते हैं, तो वे त्वचा देखभाल उत्पादों को बेहतर तरीके से अवशोषित कर सकते हैं जिससे बेहतर परिणाम मिलते हैं।

आपकी त्वचा को अपने प्राकृतिक पीएच स्तर पर लौटने का मौका मिलता है, जो सूखापन या तेलीयता के मुद्दों में सहायता कर सकता है।

आपकी त्वचा को मेकअप उत्पादों से होने वाली किसी भी जलन से उबरने का मौका भी मिलता है।

आप जिस मेकअप ब्रांड का उपयोग कर रहे हैं, उसके आधार पर आप अपनी त्वचा पर विषाक्त पदार्थों की संख्या कम कर रहे होंगे।

हाइड्रेट: स्पष्ट त्वचा के साथ-साथ अपने शरीर के स्वास्थ्य के लिए सीखने के लिए उचित हाइड्रेशन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। आप अपनी त्वचा को कई अलग-अलग तरीकों से हाइड्रेट कर सकते हैं, जैसे कि मॉइस्चराइजर लगाकर या अधिक पानी पीकर। कोमल, चमकती त्वचा की तलाश में, हाइड्रेशन आवश्यक है. आपकी त्वचा को हाइड्रेट करने से इसे सांस लेने की अनुमति मिलती है क्योंकि पानी पीने से आपके शरीर में प्रवेश करने वाली ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। त्वचा की बाहरी परतों सहित आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका को ऑक्सीजन प्रदान करने की प्रक्रिया बहुत हद तक पानी पर निर्भर करती है।

वॉक करते समय भूलकर भी न करें ये गलती

वॉक करने के फायदे के बारे में तो हम में से ज्यादातर लोग जानते हैं। लेकिन, क्या आप वॉक करने के सही तरीके के बारे में जानते हैं? जी हां, वॉक करने का तरीका जिसमें आमतौर पर चलने के दौरान आपके हाथ कैसे रहें, पैर कैसे हों, सिर कैसे रखें और कंधे कैसे हों इन

तमाम बातों के बारे में बात की जाती है। दरअसल, इन सब का आपकी वॉकिंग स्पीड पर और इससे ज्यादा सेहत पर गहरा असर पड़ता है। लेकिन, इस दौरान ज्यादातर लोग इस एक गलती को करते हुए मिल जाएंगे। क्या है ये जानते हैं।

मुट्ठी बंद करके वॉक

मुट्ठी बंद करके वॉक करना असल में वॉक करने का गलत तरीका है। दरअसल, इससे आपका शरीर पूरी तरह से प्रभावित होता है। दरअसल, इसका गहरा असर सबसे पहले आपके ब्लड प्रेशर पर पड़ता है। होता ये है कि जब आप मुट्ठी बंद करके वॉक करते हैं तो, मुट्ठी बांधने से शरीर पर एक प्रेशर क्रिएट होता है जिसकी शुरुआत आपकी बाहों, कंधों और गर्दन से होता है। साथ ही आप पाएंगे कि इस तरह से वॉक करने से आपकी उंगलियों और हाथों में सूजन भी महसूस होगी। इसलिए इसे करने से बचें।

हाथों का पॉश्चर

वॉक करते समय हाथों के लिए दो पॉश्चर सही हो सकते हैं। जैसे

-वॉक करते समय अपनी मुट्ठी खोल कर चलें। इस दौरान उंगलियों को थोड़ा अंदर की ओर हल्का मोड़कर और अपनी पहली उंगली के ऊपर अपने अंगूठे को आराम देते हुए वॉक करें। ये आपका ब्लड सर्कुलेशन सही रखेगा।

-चलते समय अपनी छाती को सीधा रखते हुए अपने कंधों को नीचे और पीछे की ओर रख कर वॉक करें।

-इस दौरान अपनी कोहनी को लगभग 90 डिग्री पर झुकाकर रखें।

ये है वॉक करने का सही तरीका

-सिर सीधा रख कर वॉक करें

-अपने पैरों को जमीन पर पूरा रख कर चलें।

-इस दौरान पीठ और कंधों को सीधा रखें।-कंधों को चलने के दौरान हर स्टेप के साथ मूव करें।

टमाटर खाने से कैंसर का खतरा 45 प्रतिशत कम

सलाद में टमाटर की शोभा ही निराली लगती है इसलिए इसे सलाद की राजा कहा जाता है। सब्जी में टमाटर का स्वाद और सूप में टमाटर का स्वाद भी सभी को भाता है। स्वाद के साथ टमाटर बहुत लाभप्रद है सेहत के लिए भी।

इसके लाभ:-एक रिसर्च के अनुसार सप्ताह में 10 टमाटर खाने से कैंसर का खतरा 45 प्रतिशत कम हो जाता है। सलाद में नियमित लाल टमाटर का सेवन करने से पेट के कैंसर का खतरा 60 प्रतिशत तक कम हो जाता है। टमाटर में लाइकोपीन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है जो कई प्रकार के कैंसर रोकने के लिए लाभप्रद है। विशेषज्ञों के अनुसार लाल टमाटर हरे टमाटर की तुलना में शरीर को अधिक लाभ देते हैं। टमाटर को तेल में भूनने, तलने से उसकी पौष्टिकता कम नहीं होती। टमाटर में लाइकोपीन की प्रचुर मात्रा होती है जो स्वास्थ्य हेतु लाभप्रद होती है।

राष्ट्र सेवा परमो धर्म, सनातन ब्रह्म समाज द्वारा कंबल विवरण कार्यक्रम हुआ संपन्न

प्रखर वाराणसी। कंबल वितरण कार्यक्रम मे चयनित प्रथम ग्राम सभा बीरापट्टी मे आज दिनांक 22/01/2023 दिन रविवार को सम्पन्न हुआ। कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे

और तालियों से अभिवादन किया ग्रामीणों ने, फूलपत्ती देवी ने कहा जुग जुग जियो तो वही नीलम देवी ने कहा ठंड मे अब आराम से सोयेगे . ऐसे आशीर्वाद से खिल उठा आँगन। संस्थापक पंडित बिपिन के द्वारा आह्वान पर संगठन को दान दाताओं ने किया सहयोग जिसमें श्याम मोहन त्रिपाठी, बसंत चौबे, राहुल पांडेय, किसलय मिश्रा, पियूष तिवारी, अश्विनी पांडेय, गृजेश मिश्रा, शैलेश पांडे, पंकज दुबे, मार्कण्डेय उपाध्याय , राहुल चौबे, शांता नंद दुबे , सच्चिदानंद पांडेय, दिनेश चौबे, मति मीना पांडेय जी प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे। संगठन मे आनंद उपाध्याय (महाराज) जी एवं मनीष पांडेय जी (संरक्षक) श्री , श्रीं मनोज पांडेय जी आदि लोगों ने आशीर्वाद स्वरुप कंबल वितरित किया। दादी चन्द्रवति देवी, परिवार के अभिभावक एवं संरक्षक- गिरीश नारायण पांडेय, हेमंत पांडेय जी, अमित पांडेय एवं माता हीरावती पांडेय, सीता पांडेय, मंजू पांडेय , भाई अनुराग पांडेय, द्रविड़ पांडेय आदि शामिल रहे। अंत मे संस्थापक बिपिन पांडेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करके कार्यक्रम का समापन किया गया।

मासिक के दौरान तेज असहनीय दर्द का लक्षण दिखें तो हो जाएं सावधान : संगीता

प्रखर पराऊगंज जौनपुर। मासिक के दौरान तेज असहनीय दर्द का लक्षण दिखें तो हो जाएं सावधान उक्त बातें प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त त्रिवेणी वेलफेयर एंड चैरिटेबल फाउंडेशन की अध्यक्ष संगीता मिश्रा ने दरवेशपुर जलालपुर मे कैंप लगाकर महिलाओं को सेनेटरी पैड इस्तेमाल ना करने से होने वाली बीमारियां को लेकर किया जागरूक उन्होंने बताया कि देशभर में पैड का इस्तेमाल नहीं कर रही महिलाओं में मासिक के दौरान तेज असहनीय दर्द हो और बहुत अधिक रक्तस्राव हो तो हो महिलाये सावधानी बरते और तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करे उन्होंने मासिक के दौरान अनेक बीमारियों से बचाव के लिए बताया कि कपड़े का प्रयोग ना करें बल्कि उसकी जगह सेनेटरी पैड का प्रयोग करना चाहिए। इस मौके पर लाल पैथ के माध्यम से गांव की सैकड़ों महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान विनय कुमार पूर्व प्रधान शिवाजी सरोज फाउंडेशन के पदाधिकारी सचिव संजीव साहू नवनीत मिश्रा पूजा श्रेया हिरावती बंदना सुमन भारद्वाज कोषाध्यक्ष ऋषभ साहू अनीता जायसवाल समेत सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहे। फाउंडेशन की तरफ से शिविर में उपस्थित महिलाओं को मुफ्त में सेनेटरी पैड वितरित किया गया।

एचडीएफसी बैंक के 7वें ब्रांच का बृजमनगंज में हुआ शुभारंभ

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे के कालेज रोड पर एचडीएफसी बैंक का शुभारंभ पूर्व विधायक द्वारा फीता काटकर किया गया।जहां काफी संख्या में क्षेत्र के सम्मानित नागरिक एवं अतिथि गण मौजूद रहे सभी अतिथियों का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। बैंक का उद्घाटन मुख्य आतिथ्य भाजपा पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार पाण्डेय, कलस्टर हेड नितिन केडिया,सर्कल हेड अजय गुप्ता, फरेंदा शाखा प्रबंधक उदय त्रिपाठी, शिवेन्द्र पाण्डेय दीपक अग्रवाल, आदि गणमान्य अतिथियों के सानिध्य में दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात शाखा प्रबंधक द्वारा पूर्व विधायक को शाल ओढ़कर तथा रामजन्मभूमि का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि हमेशा हमारा यही लक्ष्य रहता है, कि ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं दी जाए। ग्राहकों की मांग को देखते हुए यह शाखा खोली गई है।इससे छोटे बडे ब्यापारियों सहित सीनियर सिटीजन व किसानों को भी सभी प्रकार के लोन जैसी सुविधाएं प्राप्त होगा। उन्होंने उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि महराजगंज जिले में एचडीएफसी बैंक के सातवें ब्रांच का शुभारंभ इस नगर पंचायत में आज किया गया।उन्होंने बैंक कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों की मेहनत, लग्न व समर्पण तथा ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने के कारण बैंक हमेशा अग्रणी रहता है।शाखा प्रबंधक ने बताया कि एचडीएफसी एक सुव्यवस्थित बैंक हैं और ग्राहकों को अच्छी सेवाएं प्रदान करता है।

संभावना कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

प्रखर गाजीपुर। स्थानीय जनपद के मुहम्मदाबाद शहीद पार्क में डॉक्टर एम ए अंसारी इंटर कॉलेज के कला शिक्षक डॉ राजकुमार सिंह की श्रद्धांजलि सभा के अंतर्गत संभावना कला मंच का आज आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता तथा कार्यशाला का भी आयोजन हुआ। बताया जाता है कि डॉक्टर एम ए अंसारी इंटर कॉलेज के कला शिक्षक डॉ राजकुमार सिंह की श्रद्धांजलि सभा में चित्रकला प्रतियोगिता की गई। इसमें डॉक्टर अंसारी इंटर कॉलेज के 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की बनाई गई चित्रों को आयोजकों द्वारा रख लिया गया। यह बताया गया कि समिति द्वारा निर्णय के पश्चात प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कार

वितरण किया जाएगा। इसमें चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। सभा का आयोजन भी हुआ। सभा में वक्ताओं ने कला के प्रति अपनी बात कही। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार चित्रकला कार्यशाला का आयोजन छात्र-छात्राओं को नई दिशा देगा। इस अवसर पर विद्यालय के अतिरिक्त क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता डॉ एम ए अंसारी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य आलोक कुमार श्रीवास्तव ने किया तथा संचालन विनय कुमार तिवारी ने किया। इसके अतिरिक्त इंटर कॉलेज के वर्तमान प्रधानाचार्य सुजीत कुमार श्रीवास्तव, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामायण सिंह यादव ,जन संस्कृति मंच के सचिव मनोज सिंह, वाराणसी से जगत नारायण सिंह, मोती प्रधान व पूर्व प्रवक्ता सुरेश राय उपस्थित थे ।अंत में सभा अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया और सभा का समापन किया।

बक्शा पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर वाहन चोर, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

प्रखर बक्शा जौनपुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के निर्देशन चलाये जा रहे अभियान में थानाध्यक्ष बक्शा त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में मई मोड़ हाइवे पर रविवार को 12 बजे चेकिंग के दौरान शातिर चोर सुबास पुत्र राजेन्द्र उम्र 40 वर्ष निवासी कुल्हनामऊ थाना बक्शा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल सुपर डिलक्स जिसका नम्बर UP51AZ902 सही गाड़ी का नम्बर UP 50 AZ 1902 बरामद किया गया।अभियुक्त के विरुद्ध मु.अ.सं. 18/23 धारा 411, 414, 420, 467, 471 भादंवि के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, उपनिरीक्षक गोपाल जी तिवारी, उपनिरीक्षक करमुल्ला अली, हे0का0 बृजेश मिश्रा, हे0का0 विनोद सिंह, प्रेम बहुर यादव, हे0का0 रविकांत यादव शामिल रहे।

पौध रोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

प्रखर दानगंज वाराणसी। स्वच्छ और सुंदर वातावरण के लिए पेड़ पौधों का होना अति आवश्यक है,लेकिन आज तेज गति से हो रहे विकास के नाम पर पौधों का कटान तेजी से हो रहा है। जिसका परिणाम मानव सहित जलवायु पर असर दिखना शुरू है। तरह तरह की बीमारियों से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। आज पर्यावरण को बचाने की जरूरत है जिसमे जन - जन की भागीदारी आवश्यक है। इसके मद्देनजर आज अमृत सरोवर चौखन्डी में नमो नमः सेवा दल अध्यक्ष रंजीत तिवारी के नेतृत्व में पौधों का रोपण कर युवाओं के उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए एक एक पौध का रोपण कर उनका संरक्षण करना चाहिए, जिससे आने वाले पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में पर्यावरण व जल संरक्षण प्रेमी मनीष पटेल, बीडीसी विशाल गुप्ता, देवेंद्र पटेल, अनुराग, सुनील,छोटू तिवारी, शिवम, धीरज तिवारी, मोनू, आर्यन, कौशल शामिल रहे।

साइकिल से हुई टक्कर में एक व्यक्ति को 5 लोगों ने बुरी तरह मारा और बाइक छोड़कर हुए फरार

प्रखर वाराणसी। क्षेत्र के संदाहा बजार विक्की कुमार उम्र 24 वर्ष पुत्र रामजीत प्रसाद निवासी सन्दहा का रहने वाला है

शुक्रवार दिनांक 20/01/2023 को शाम पांच बजे अपने किसी कार्य के लिये स्टेशन के तरफ साइकील से जा रहा था अचानक एक व्यक्ति साइकील से टक्कर हो गई उसी बात को लेकर कहा सुनी होने लगी तभी कालोनी से आये अजीत कुमार ने चमार शब्द की गाली देने लागा जब बिक्की कुमार ने उसका विरोध कि तो पांच लोगों को बुलाकर उसे दौड़ा दौड़ा के पिटने लगे वह अपनी जान बचाकर अपने घर के तरफ भागा तो वह सब उसके घर पर भी पहुंच कर बिक्की कि मां ने जब रोका तो उसे भी मरने लगे उसकी मां ने शोर मचाना शुरू किया तो गांव के लोगों को देख कर सभी भाग गये लेकिन अपनी बाइक को छोड़ दिया जिसका नम्बर UP65 OC 3846 है जब प्रार्थी इसकी सूचना चिरईगांव चौकी पर दी लेकिन अभी तक एफ आई आर दर्ज ना होने के कारण चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह से मुलाकात कर लगाई न्याय की गुहार वहीं पर थाना अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द उनके खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर उनकी तलाश की जाएगी तब लोगों का गुस्सा शांत हुआ और वापस घर लौट गए।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व जनेश्वर मिश्र की 13वीं पूर्णतिथि मनाई गई

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वं जनेश्वर मिश्र की 13वीं पूर्णतिथि मनाई गई।जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव ने उनके चित्रपर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा समाजवादी राजनीति की चर्चा हो तो जनेश्वर मिश्र का नाम लिए बिना यह चर्चा पूरी नहीं होती। सपा संरक्षक स्व मुलायम सिंह यादव रहे हों या सपा मुखिया अखिलेश यादव, समाजवाद पर बोलते हुए दोनों ही जनेश्वर मिश्र का नाम जरूरी तौर पर लेते हैं।

जनेश्वर को क्यों कहते हैं छोटे लोहिया– 5 अगस्त 1933 को बलिया के शुभ नाथहि गांव में पैदा हुए जनेश्वर मिश्रा समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया के बड़े अनुयायियों में गिने जाते हैं। छात्र जीवन में ही उनके ऊपर लोहिया के विचारों का प्रभाव पड़ गया था।

समाजवादी युवजन सभा जॉइन करने के बाद मिश्रा पहली बार राम मनोहर लोहिया के संपर्क में आए। मिश्रा ने राम मनोहर लोहिया के साथ लंबे समय तक काम किया था। इस दौरान उन्होंने लोहिया के विचारों और उनके काम करने के तरीकों को ऐसे अपना लिया था, जैसे वह उनकी परछाईं हों।

यही कारण था कि एक बार इलाहाबाद में आयोजित जनसभा में समाजवादी नेता छुन्नू ने कहा था कि जनेश्वर मिश्र के अंदर राम मनोहर लोहिया के सारे गुण हैं और इसलिए वे एक तरह से 'छोटे लोहिया' हैं। इसके बाद से ही जनेश्वर मिश्र का नाम छोटे लोहिया मशहूर हो गयें वे जीवन पर्यंत गरीब कमजोर की आवाज उठाते रहें और आज उन्हीं के दिखाए रास्ते पर समाजवादी पार्टी भी चल रही हैं जंयती के अवसर पर मुख्य रूप से जिलाउपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, शकील अहमद, दीपचंद्र राम,राजेश यादव, डॉ जंगबहादुर यादव, श्याम नरायण बिन्द, कमालुद्दीन अंसारी संजीव साहू, धर्मेंद्र सोनकर,विक्की यादव, सोनी यादव, आदि संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

चार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खेतासराय (जौनपुर)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन पर अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत रविवार को खेतासराय पुलिस ने चार वारंटी को गिरफ्तार कर उनका चालान न्यायालय भेज दिया है। पुलिस की इस कार्यवाही से विभिन्न मामलों में वांछित अपराधियों और वारंटियों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस उपमहानिरीक्षक व एसपी जौनपुर अजय कुमार साहनी क्षेत्राधिकारी शाहगंज चोब सिंह के निर्देशन में अभियान चलाया गया। जिसमें खेतासराय थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह, कस्बा इंचार्ज महंगू यादव की पुलिस टीम ने बड़ी सफलता प्राप्त की। टीम ने शाहगंज के निकट पर्यवेक्षण में तलाश वारण्टी/वांछित अभियुक्त के रूप में चिखुरी पुत्र बंतू निवासी ग्राम रानीमऊ थाना खेतासराय, धर्मेंद्र यादव पुत्र श्याम देव यादव, श्याम देव पुत्र अक्षवर निवासीगण नदौली थाना खेतासराय और छेदीलाल सोनकर निवासी मानी कला थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह ने मीडिया को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का चालान न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस की इस टीम में उप निरीक्षक शान मोहमद व हरिशंकर यादव, सकलदीप सिंह अन्य शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

जी - 20 का आगाज काशी के धरती से जागरूकता अभियान रैली

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। एक दिवसीय जी-20 का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन तथा महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित किया गया जो कि रुद्राक्ष कन्वेशन सेन्टर से महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ तक आयोजित किया गया रैली में वाराणसी के समस्त महाविद्यालय और विद्यालय के साथ सुधाकर महिला पी.जी. कालेज की छात्राओं ने भी अपनी सहभागिता प्रदान की संस्था प्रमुख व प्राचार्य डॉ. प्रभु नारायण दूबे ने कहा कि भारत द्वारा जी-20 के मेजबानी से भारत के साथ-साथ वाराणसी का भी गौरव बढ़ेगा समन्वयक डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि जी-20 के 11 कार्यक्रम में छह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में होंगे। निदेशक आशीर्वाद दूबे ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन वित्तीय स्थिरता, पर्यावरण परिवर्तन, ग्रीन हाउस, गैस उत्सर्जन और सतत विकास के समाधान के लिए किया जा रहा है जबकि जी -20 रैली का नेतृत्व डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. प्रेम कुमार और डॉ० राजकुमार श्रीवास्तव ने किया।

मैत्रीपूर्ण मैच में आई.एम.ए. विजयी, मैन ऑफ द मैच मनीष पांडेय, बेस्ट बैट्समैन डॉ विक्रांत व डॉ प्रशांत सिंह कों बेस्ट बॉलर का मिला अवार्ड

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रोटरी क्लब बनारस व आई.एम.ए.के बीच रविवार कों एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन कैण्टोनमेण्ट स्थित पीएनयू क्लब के मैदान में किया गया जिसमें आई.एम. ए. विजयी रहा` आई. एम. ए. ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर के मैच में 142 रन बनाए इसके उत्तर में रोटरी बनारस की टीम 99 रन ही बना सकी मुख्य अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष रोटेरियन संजय अग्रवाल ने खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरीत किया मैन ऑफ द मैच मनीष पांडेय , बेस्ट बैट्समैन डॉ विक्रांत व बेस्ट बॉलर का अवार्ड डॉ प्रशांत सिंह कों मिला अध्यक्ष रोटेरियन नीरज अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया संचालन रो. मुकेश पाठक ने किया।

मदरसे में किड्स लाइब्रेरी की स्थापना हुई

प्रखर खेतासराय जौनपुर। रविवार को नगर के मदरसा एजाजुल उलूम परिसर में बच्चों के लिऐ क्लासरूम किड्स लाइब्रेरी की स्थापना की गई । लाइब्रेरी का उद्घाटन मदरसा दर्सगाह इस्लामी के प्रिंसिपल मौलवी अब्दुल्लाह फारूक ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डाक्टर फखरुद्दीन ने कहा की आज के डिजिटल युग मे भी पुस्तकों का महत्त्व कम नही हुआ है। एक ही विषय पर बिना कई पुस्तकों का अध्ययन किए हुए प्राप्त ज्ञान अधूरा होता है। आजाद शिक्षा केंद्र के संयोजक निसार अहमद ने कहा की मकतब तथा मदरसों को शिक्षा की आधुनिक तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता है। मदरसे के संरक्षक सैयद फजल महमूद ताहिर ने बच्चो को किताब से जुड़ने की पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन हाफिज जुबैर तथा सैयद तारिक ने किया।

अवैध तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

प्रखर खानपुर गाजीपुर।क्षेत्र के बिहारीगंज डगरा रेलवे क्रॉसिंग सें अवैध असलहा के साथ एक अभियुक्त कों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बिहारीगंज डगरा रेलवे क्रॉसिंग के पास सें एक अभियुक्त कों एक 315 देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 व एक मिस कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। युवक सें कड़ाई सें पूछताछ में अपना नाम प्रीतम कुमार पुत्र स्व. नन्दलाल राम निवासी बभनपुरा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी बताया।थानाध्यक्ष खानपुर संजय मिश्रा नें बताया की मामला सज्ञान में मुखबिर सें मिली सुचना पर मौके पर पहुँच क्षेत्र के बिहारीगंज डगरा सें युवक कों अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं